सतना
12 मई 2026 मंगलवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित

# बदलाव: घर चलाने वाली महिलाओं को रोजगार में 4.4% अधिक मौके

### ● परिवर्तन के मुहाने पर खड़ा है श्रम बाजार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत का महिला श्रम बाजार एक बड़े बदलाव के मुहाने पर खड़ा है। शिक्षा, घर चलाने के मामलों में बढ़ती भूमिका और सामाजिक गतिशीलता की वजह से नियमित वेतन वाले रोजगार में महिलाओं की भूमिका बढ़ रही है। एसबीआई रिसर्च की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि जो महिलाएं अपने परिवार की मुखिया होती हैं, उनके नियमित वेतन वाले रोजगार में होने की संभावना अन्य महिलाओं के मुकाबले 4.4 फीसदी अधिक होती हैं, जबकि अनौपचारिक मजदूरी में 4.2% कम।

महिलाओं की रोजगार स्थिति पर एसबीआई रिसर्च का यह विश्लेषण पहली बार भारत के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के यूनिट-लेवल डाटा के आधार पर किया गया है। इसके मुताबिक, परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी संभालने वाली महिलाएं अधिक स्थिर और सुरक्षित रोजगार की ओर बढ़ रही हैं। हालांकि, स्वरोजगार के मोर्चे पर यह बदलाव कम है। यह पैटर्न शहरी इलाकों में ज्यादा स्पष्ट तौर पर दिखता है, जहां महिलाओं के घर की मुखिया होने का संबंध नियमित वेतन वाले रोजगार में 10 फीसदी की बढ़ोतरी और स्वरोजगार में 8% की गिरावट से है।

**शिक्षा से ही बदलेगी असली तस्वीर:** शिक्षा सबसे पहले महिलाओं को अनौपचारिक श्रम से बाहर निकालती है और एक निश्चित स्तर के बाद उन्हें नियमित रोजगार में शामिल करती है। जो महिलाएं पढ़ी-लिखी नहीं हैं, उनके



अनौपचारिक मजदूरी में शामिल होने की संभावना 0.21% है। जिन महिलाओं ने मिडिल से सेकेंडरी स्तर तक की शिक्षा हासिल की है, उनमें यह घटकर 0.12% रह जाती है। निर्णायक बदलाव हायर सेकेंडरी और उससे ऊपर के स्तर पर आता है, जहां नियमित वेतन वाले रोजगार में महिलाओं के शामिल होने की संभावना बढ़कर 0.44% हो जाती है और अनौपचारिक मजदूरी में जाने की स्थिति घटकर 0.03% रह जाती है। स्वरोजगार का चलन कम हो जाता है। इससे यह संकेत मिलता है कि महिलाओं के लिए स्थायी व वेतन वाले रोजगार पैदा करने के लिए उच्च शिक्षा तक पहुंच का विस्तार करना बेहद जरूरी है।

**मजदूरी में होने की संभावनाएं 5% कम:** ग्रामीण इलाकों में अगर महिलाएं घर की जिम्मेदारी संभालती हैं, तो उनके अनौपचारिक मजदूरी में होने की संभावनाएं पांच फीसदी कम होती है, जबकि नियमित वेतन वाले रोजगार और स्वरोजगार दोनों में थोड़ा सुधार होता है। इन नतीजों से पता चलता है कि घरों के भीतर ज्यादा अधिकार और मोलभाव की ताकत होने से रोजगार के ज्यादा स्थिर नतीजे मिल रहे हैं। हालांकि, इसका स्वरूप स्थानीय मजदूर बाजारों के हिसाब से अलग-अलग होता है। परिवहन क्षेत्र में काम पाने में महिलाएं पुरुषों से आगे : परिवहन क्षेत्र में नियमित वेतन वाला काम हासिल करने में महिलाएं पुरुषों से आगे हैं।

## कांग्रेस का आरोप-सरकार ने राहुल की इंस्टाग्राम रील ब्लॉक की

### सरकार बोली- इंटरनल सिस्टम की गलती से हुआ



**नई दिल्ली/चेन्नई,एजेंसी।** कांग्रेस ने दावा किया कि इंस्टाग्राम ने राहुल गांधी की उस रील और फोटो पोस्ट को ब्लॉक कर दिया है, जिसमें वे तमिलनाडु के सीएम विजय के साथ नजर आ रहे थे। कांग्रेस ने इसका कारण इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के नियमों को बताया। हालांकि सरकारी सूत्रों ने इस आरोप से इनकार किया है। सूचना मंत्रालय के सूत्रों ने स्पष्ट किया कि इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। यह प्लेटफॉर्म के आंतरिक सिस्टम की एक गलती के कारण हुआ, जिसने गलती से इस पोस्ट को ब्लॉक करने के लिए फ्लैग कर दिया था। हालांकि पोस्ट रीस्टोर कर दी गई है। गांधी रविवार को चेन्नई में थे, जहां उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के तौर पर विजय के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पर इस अभिनेता-राजनेता के साथ अपनी कई तस्वीरें भी शेयर की थीं।

## कोल्हापुर के पन्हाला में दो दरगाह तोड़ने पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक

### 15वीं सदी में बनने का दावा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट की कोल्हापुर बेंच ने पन्हाला में मौजूद 15वीं सदी के दो मुस्लिम धार्मिक स्थलों को तोड़ने के आदेश पर रोक लगा दिया है। कोर्ट ने अंतरिम रोक लगाते हुए यह आदेश पन्हाला गिरिस्तान नगर परिषद को दिया है। इन दो मुस्लिम धार्मिक स्थलों में एक हजरत पीर शाहबुद्दीन खटावली दरगाह है और दूसरा हजरत पीर साधु खटल दरगाह है। जस्टिस माधव जमदार और जस्टिस प्रवीण एस पाटिल की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई को तय करते हुए कहा, 'तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, यह जरूरी है कि सभी प्रतिवादी जवाब में हलफनामा दाखिल करें। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील (युवराज) नरवणकर ने कोर्ट में तर्क दिया कि यह दोनों दरगाह लगभग 15वीं सदी से अस्तित्व में है और बॉम्बे गजट में भी दर्ज है।

**15 जून तक दाखिल करें हलफनामा: हाई कोर्ट :** वहीं कोर्ट ने आगे कहा, 'जवाबी हलफनामा 15 जून 2026 को या उससे पहले दाखिल किया जाए।' मालूम हो कि, पन्हाला हिल स्टेशन की नगर निकाय संस्था ने महाराष्ट्र क्षेत्रीय नगर नियोजन (MRTP) अधिनियम की धारा 52 और 53 (दोनों ही अनाधिकृत निर्माण और उसे गिराने की शक्ति से संबंधित हैं) के तहत, इन दरगाहों का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट को एक नोटिस जारी किया था।

### सोमनाथ मंदिर के 75 साल, पीएम रोड शो करके पहुंचे

# मंदिर के शिखर का 11 तीर्थों के जल से अभिषेक किया

**जामनगर,एजेंसी।** गुजरात के सोमनाथ में आज मंदिर के जीर्णोद्धार के 75 साल पूरे हो रहे हैं। 11 मई 1951 को स्वतंत्र भारत में नए सिरे से बनाए गए सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इतिहास के इस बड़े घटनाक्रम का उत्सव मनाने के लिए सोमनाथ अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2किमी. का रोड शो करते हुए सोमनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने शिवाभिषेक किया। इसके बाद पीएम ने रिमोट के जरिए मंदिर का कुंभाभिषेक किया।

वैदिक मंत्रों के बीच 11 तीर्थों के जल से शिखर जल चढ़ाया गया। 90 मीटर ऊंची क्रेन की मदद से कलश को मंदिर के ऊपर रखा गया था। 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए एक और वजह से खास है। दरअसल सन् 1026 में महमूद गजनवी ने मंदिर पर हमला कर इसे ध्वस्त कर दिया था। उस घटना के हजार साल भी पूरे हो गए हैं।

**पीएम मोदी ने रिमोट के जरिए मंदिर के शिखर का कुंभाभिषेक किया:** पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर के शिखर का पहली



बार जलाभिषेक किया। इसके लिए 11 तीर्थों के जल को एक बड़े कलश में रखा गया था। इस कलश को 90 मीटर लंबी क्रेन के जरिए मंदिर शिखर के ऊपर स्थापित किया गया था।

**सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की सनातन ऊर्जा का उत्सव: राजनाथ सिंह :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के आज 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ मंदिर भारत की आध्यात्मिक चेतना और आस्था का प्रबल प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारा देश सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहा है, जो भारत की सनातन ऊर्जा का उत्सव है। यह भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को और अधिक जागृत व समृद्ध करने के संकल्प को मजबूत करने का अवसर है, जिससे भारत की भावी पीढ़ियां भी प्रेरणा प्राप्त कर सकेंगी।

● **PM ने कहा- राष्ट्र जड़ों से जुड़ा रहे तभी मजबूत रह सकता है:** कहा- सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट से सैकड़ों परिवार जुड़े हैं। गुजरात के बाकी हिस्सों में भी लोग आते हैं। यह मंदिर हमें हमारी जीवन जीने का तरीका सिखाती है। हमारी आस्था नदियों में, वृक्षों में है। हम जंगलों को भी श्रद्धा की दृष्टि से देखते हैं। आज जब दुनिया प्राकृतिक जीवनशैली की तरफ लौट रही है तो हमें जागरूक होना होगा।

कहा- हम ऐसा जीवन अपनाएं जिससे प्राकृतिक शैली की रक्षा हो। जब नई पीढ़ियां अपने इतिहास और मूल्यों से जुड़ती हैं तब राष्ट्र का आत्मबल और मजबूत होता है। आज देश आगे बढ़ रहा है। उसमें हमारी सांस्कृतिक विरासत की बड़ी भूमिका है। सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तभी लंबे समय तक मजबूत रह सकता है जब वह जड़ों से जुड़ा रहे।

● **बोले- मुझे देश के तीर्थस्थलों के विकास का मौका मिला:** कहा- आजादी के बाद सरदार पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निमाण की कोशिश की। उन्हें इसके लिए नेहरू का विरोध झेलना पड़ा। लेकिन ये सरदार साहब की इच्छाशक्ति थी कि वे डिगे नहीं। सोमनाथ फिर से बना और देश ने सदियों के कलंक को धो दिया।

कहा- आज मुझे देश के सभी तीर्थों के विकास का मौका मिला है। यह सोमनाथ का ही आशीर्वाद है। विश्वनाथ, ओंकारेश्वर, केदारनाथ धाम का विकास हुआ है। अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला विराजमान हैं। ऐसे कितने ही तीर्थस्थल हैं जिनकी महिमा पुराणों में सुनी हैं। आज हमें उस समृद्ध परंपरा के दर्शन होने लगे हैं। ये सब 10-12 साल के अंदर हुआ है।

## राहुल बोले: देश चलाना मोदी के बस की बात नहीं

### सोना न खरीदें, विदेश न जाएं जैसी 7 अपीलें उपदेश नहीं, नाकामी के सबूत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राहुल गांधी ने सोमवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से निपटने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की हालिया 'सात अपीलों' पर पलटवार किया। उन्होंने इसे नाकामी करार दिया। कहा कि अब देश चलाना प्रधानमंत्री के बस में नहीं रह गया है।

एक्स पर एक पोस्ट में राहुल ने लिखा, 'कल मोदी जी ने जनता से त्याग मांगा। सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम इस्तेमाल करो, खाद और खाने के तेल का उपयोग घटाओ,



मेट्रो से चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं हैं।

ये विफलता हैं।' उन्होंने कहा, '12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है। क्या खरीदें, क्या नहीं। कहां जाए, कहां नहीं।' दरअसल, रविवार को सिकंदराबाद में एक जनसभा में पीएम मोदी ने आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया था, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत हो सके और पर्यावरण की रक्षा हो सके।

## दुर्लभ बिल्ली को बचाने के लिए 'गोट बैंक' खुलेंगे

### 'कैरेकल' को जिंदा जलाने की घटना के बाद अनूठी पहल




**जैसलमेर ,एजेंसी।** जैसलमेर में दुर्लभ वन्यजीव कैरेकल कैट (सियागोश) को बचाने के लिए वन विभाग प्रदेश का पहला 'गोट बैंक' (बकरी बैंक) शुरू करने जा रहा है। यह कदम मार्च 2026 में हुई उस दिल दहला देने वाली घटना के बाद उठाया गया है, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी 50 बकरियों के शिकार के शक में एक दुर्लभ कैरेकल को जिंदा जला दिया था।वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया (WTI) के साथ मिलकर तैयार इस प्रोजेक्ट का मकसद 'रिवेंज किलिंग' (बदले की हत्या) को रोकना है। अब अगर कैरेकल किसी की बकरी का शिकार करेगा, तो विभाग मुआवजे की कागजी कार्रवाई के बजाय सीधे बकरी बैंक से नई बकरी पशुपालक को सौंप देगा।50 बकरियों के बदले जला दी कैरेकल

मार्च 2026 में जैसलमेर के सरहदी इलाके में एक जला हुआ कैरेकल मिला था। ग्रामीणों ने वीडियो भी वायरल किया था।

पूछताछ में सामने आया कि कैरेकल ने ग्रामीणों की करीब 50 बकरियां मार दी थीं। गुस्से में ग्रामीणों ने पैरों के निशान का पीछा किया और कैरेकल को घेरकर मार डाला। भारत में अब महज 50 कैरेकल बचे हैं, जिनमें से जैसलमेर में सिर्फ 4 के कुनबे की पुष्टि हुई है।

## नेतन्याहू बोले- ईरान के नए सुप्रीम लीडर जिंदा

### बंकर में छिपे, सत्ता पर पिता खामेनेई जैसी पकड़ नहीं, जनता के विद्रोह का डर सता रहा



**तेल अवीव,एजेंसी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई जिंदा हैं, लेकिन उनकी सत्ता पर पकड़ उनके पिता अली खामेनेई जैसी मजबूत नहीं है।

CBS न्यूज के शो '60 मिनट्स' को दिए इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा कि मुजतबा किसी बंकर या गुप्त जगह पर छिपे हुए हैं और वहीं से सत्ता संभालने की कोशिश कर रहे हैं।

नेतन्याहू ने कहा कि ईरान इस समय 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद सबसे कमजोर दौर में है। उनके मुताबिक, शासन के भीतर दरारें बढ़ रही हैं और अलग-अलग गुटों में मतभेद सामने आ रहे हैं।

### दिल्ली से लेकर यूपी तक बदला मौसम का मिजाज

## आंधी-बारिश का अलर्ट; राजस्थान-गुजरात में लू से बढ़ेगी परेशानी



**नई दिल्ली,एजेंसी।** देशभर में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार 11 मई को देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग तरह का मौसम देखने को मिलेगा। उत्तर भारत के कई राज्यों में आंधी और बारिश से गर्मी से राहत मिलने की संभावना है, जबकि राजस्थान, गुजरात और पश्चिमी मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का असर बना रहेगा।

दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और पहाड़ी राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं दक्षिण भारत के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

**दिल्ली-एनसीआर में बदलेगा मौसम:** दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में रविवार देर शाम या रात से मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग ने हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवाएं और गरज-चमक की संभावना जताई है। हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

दिन में गर्मी बनी रहेगी, लेकिन शाम के बाद तापमान में गिरावट आ सकती है। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में भी तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

**यूपी में बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी:** उत्तर प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में मौसम सक्रिय रहने वाला है। 11 से 14 मई के बीच कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने का अनुमान है। लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, प्रयागराज और वाराणसी समेत कई शहरों में बादल छाए रह सकते हैं और गरज-चमक देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने किसानों और खुले मैदान में काम करने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

- **पंजाब-हरियाणा में चलेगी तेज आंधी :** पंजाब और हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखाई देगा। कई जिलों में धूलभरी आंधी, बादल और हल्की बारिश की संभावना है। चंडीगढ़ और आसपास के इलाकों में भी मौसम खराब रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 11 से 13 मई तक इन राज्यों में मौसम अस्थिर बना रहेगा।
- **राजस्थान में भीषण लू का अलर्ट :** राजस्थान के पश्चिमी हिस्सों में गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और जोधपुर में तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने इन इलाकों के लिए हीटवेव अलर्ट जारी किया है। पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्के बादल दिखाई दे सकते हैं, लेकिन गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है।
- **मध्य प्रदेश और गुजरात में बढ़ेगा तापमान :** मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों और गुजरात में भी गर्मी तेज रहने वाली है। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और भोपाल में गर्म हवाएं चल सकती हैं।

## बंगाल सीएम सुवेंदु के पीए हत्याकांड में 3 संदिग्ध गिरफ्तार

### बिहार के बक्सर, यूपी के बलिया से पकड़ाए 6 मई को चंद्रनाथ का मर्डर हुआ था

**कोलकाता/पटना/लखनऊ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में बिहार और यूपी से 3 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

तीनों को बंगाल ले जाया गया है। बंगाल सीआईडी ने बताया कि बिहार के बक्सर से मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य, जबकि उत्तर प्रदेश के बलिया से राज सिंह को रविवार रात हिरासत में लिया गया था। इन्हें सोमवार सुबह गिरफ्तार किया गया। राज सिंह शार्प शूटर बताया जा रहा है। बंगाल चुनाव के नतीजे आने के दो दिन बाद 6 मई को 42 साल के



चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम इलाके में हुई। हमलावर ने रथ की कार रुकवाकर कई राउंड फायरिंग की थी। रथ को सीने और पेट में तीन गोलियां लगी थीं।

# देश में पहली जुलाई से लागू होगा 'विकसित भारत-जी राम जी' अधिनियम ग्रामीण परिवारों को मिलेगी 125 दिन रोजगार की गारंटी

## मनरेगा की जगह लेगा नया कानून, 95,692 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बजट आवंटन; पुराने जॉब कार्ड रहेंगे मान्य




**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने ग्रामीण विकास और रोजगार को नई दिशा देने के उद्देश्य से 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी विकसित भारत (वीबी) -जी राम जी अधिनियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया है। यह नया कानून 1 जुलाई 2026 से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा और इसके साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 निरस्त माना जाएगा। सरकार के अनुसार नए अधिनियम के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हैं, हर वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के वैधानिक रोजगार की गारंटी दी जाएगी। वर्तमान में मनरेगा के तहत 100 दिनों के रोजगार का प्रावधान है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के बयान में कहा गया कि यह अधिनियम विकसित भारतञ्च2047 के विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास को अधिक समेकित, उत्पादक और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। अधिनियम के तहत रोजगार की मांग करने वाले श्रमिकों को तय समय-सीमा के भीतर काम उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि में काम नहीं मिलने पर श्रमिक बेरोजगारी भत्ते के पात्र होंगे। सरकार ने मजदूरी भुगतान व्यवस्था को भी अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने का दावा किया है। मजदूरी का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे बैंक या डाकघर खातों में किया जाएगा। मस्टर रोल बंद होने के 15 दिनों के भीतर भुगतान नहीं होने पर श्रमिकों को विलंब मुआवजा दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए इस योजना के लिए 95,692.31 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया है, जिसे ग्रामीण रोजगार कार्यक्रमों के लिए अब तक का सबसे बड़ा प्रारंभिक आवंटन बताया गया है। राज्यों के अंश सहित कुल व्यय 1.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने का अनुमान है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि मनरेगा से नई व्यवस्था में संक्रमण बिना किसी बाधा के किया जाएगा। 30 जून 2026 तक चल रहे सभी मनरेगा कार्य जारी रहेंगे और बाद में उन्हें नए अधिनियम के तहत समाहित कर लिया जाएगा। मौजूदा ई-केवाईसी सत्यापित मनरेगा जॉब कार्ड, नए ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी होने तक मान्य रहेंगे। सरकार ने यह भी कहा कि केवल ई-केवाईसी लंबित होने के आधार पर किसी भी श्रमिक को रोजगार से वंचित नहीं किया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया कि अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न नियमों के प्रारूप राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के परामर्श से तैयार किए जा रहे हैं। इनमें शिकायत निवारण, मजदूरी भुगतान, प्रशासनिक व्यय और संक्रमणकालीन प्रावधानों से जुड़े नियम शामिल हैं। सरकार का कहना है कि नया अधिनियम ग्रामीण रोजगार सृजन, आधारभूत ढांचे के विकास और गांवों में आत्मनिर्भरता को नई गति देगा तथा ग्राम पंचायतों को ग्रामीण परिवर्तन के केंद्रीय स्तंभ के रूप में मजबूत करेगा।

## हरियाणा में पटवारियों की नियुक्ति में बड़ी रुकावट हटी, अब दोबारा मेडिकल कराने की जरूरत नहीं;




**बादशाहपुर, एजेंसी।** नवनियुक्त 121 पटवारियों की नियमित नियुक्ति प्रक्रिया में मेडिकल प्रमाणपत्र बड़ी बाधा बन रहा था। इसको लेकर लेकर आ रही परेशानियों के बीच भू-अभिलेख निदेशालय ने समाधान निकालते हुए सभी संबंधित विभागों और उपायुक्तों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। निदेशालय भू-अभिलेख की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि चयनित पटवारियों का मेडिकल परीक्षण पहले ही अनंतिम नियुक्ति पत्र जारी करते समय कराया जा चुका है। इसलिए दोबारा मेडिकल करवाने की आवश्यकता नहीं है। भू-अभिलेख निदेशालय ने उपायुक्त, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, नगर निगम गुरुग्राम, वन विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग को निर्देश भेजे गए हैं।

**कई जिलों में नियुक्ति की प्रक्रिया अटकी थी :** पत्र में बताया गया है कि पहले जारी पत्र में नियमित नियुक्ति से पूर्व उम्मीदवारों का मेडिकल करवाने का उल्लेख था। जिसके चलते कई जिलों में नियुक्ति प्रक्रिया अटक गई थी और चयनित पटवारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। निदेशालय ने अब स्पष्ट किया है कि सभी चयनित उम्मीदवारों का मेडिकल पहले ही रिकॉर्ड में उपलब्ध है। इसलिए विभागीय कार्यालयों को उनकी नियुक्ति प्रक्रिया तुरंत पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित कार्यालयों के बिल लिपिकों को 11 और 12 मई 2026 को निदेशालय से चयनित पटवारियों के आवेदन पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्राप्त करने को कहा गया है। पत्र में अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि भेजी गई सूची के अनुसार नवनियुक्त पटवारियों के नियमित नियुक्ति पत्र तत्काल जारी करना सुनिश्चित करें। ताकि लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे उम्मीदवारों को राहत मिल सके। इस आदेश के बाद नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। नवनियुक्त पटवारियों के मेडिकल संबंधी रिकॉर्ड के लिए सभी संबंधित विभागों और उपयुक्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं। किसी भी पटवारी को नियुक्ति में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

## गाजियाबाद में दूषित पानी और उच्च टीडीएस से हाहाकार, भीषण गर्मी में गहराया जल संकट



**साहिबाबाद, एजेंसी।** ट्रांस हिंडन के क्षेत्रों में रोजाना कहीं न कहीं दूषित और अधिक टीडीएस के पानी की आपूर्ति हो रही है। रविवार को भी विभिन्न इलाकों में दूषित पानी की आपूर्ति हुई। इससे यहां के लाखों लोगों को सामने पानी का संकट छा गया। किसी ने बोतलबंद पानी से गुजारा किया तो कोई दिनभर इस संकट से जूझता रहा। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में जलकल विभाग इस समस्या से निजात नहीं दिला पा रहा है। वसुंधरा सेक्टर-चार की वार्तालोक सोसायटी के 336 परिवार पिछले कई दिनों से बदबूदार और दूषित पानी की सप्लाई से जूझ रहे हैं। इस जल को पीने से लोगों की सेहत पर असर पड़ रहा है। निवासियों का कहना है कि दो सप्ताह से घरों में जो पानी आ रहा है, उसमें बदबू आ रही है और रंग भी पीला-भूरा रहता है। कई बार तो पानी में कीचड़ जैसे कण भी दिखाई देते हैं। जब लोगों ने पानी की जांच कराई तो टीडीएस 1600 से भी ऊपर पाया गया। जबकि पीने योग्य पानी का टीडीएस 300 से कम होना चाहिए। वार्तालोक सोसाइटी के सचिव प्रेम नाथ पांडे का कहना है कि हम लोग खराब पानी पीने को मजबूर हैं। इससे बच्चों को त्वचा एलर्जी, पेट दर्द और उल्टी-दस्त की शिकायतें आम हो गई हैं। जलकल विभाग में शिकायत की, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला।

**हर परिवार पर बढ़ा आर्थिक बोझ :** अध्यक्ष आरके सिंह ने बताया कि आरओ लगाने के बाद भी पानी का स्वाद और बदबू नहीं जाती। हम बाहर से पानी की बोतल मंगाने को मजबूर हैं, जिससे एक परिवार पर महीने का तीन से चार हजार रुपये अतिरिक्त खर्च बढ़ गया है।

**सेक्टर-एक में नहीं आ रहा पानी :** वसुंधरा सेक्टर-एक के मकान नंबर 533 से 630 तक करीब सौ मकानों में कई दिन से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। शिकायत के बाद भी समाधान नहीं हो रहा है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष शेखर त्यागी का कहना है कि दो साल से सबमर्सिबल भी खराब पड़ा हुआ है। जलकल विभाग के अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। जलापूर्ति कई दिन से ठप पड़ी हुई है। भीषण गर्मी में बिन पानी के सौ से अधिक परिवार जूझ रहे हैं। कोई सुनवाई नहीं हो रही। कभी दूषित पानी की आपूर्ति होती है तो कभी आपूर्ति ही ठप हो जाती है। दुकानों से बोतलबंद पानी खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा है। वसुंधरा सेक्टर-एक आए दिन पानी की समस्या रहने के कारण बजट भी खराब हो जाता है। ब्रांडेड पानी की बोतल 100 से 150 रुपये की आती है।

## नाराज ईरान ने दी चेतावनी, कहा- एक भी कदम बढ़ा तो देंगे निर्णायक जवाब

**तेहरान, एजेंसी।** होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने स्पष्ट शब्दों में ब्रिटेन और फ्रांस के उस साझा प्रयास का विरोध किया है, जिसका उद्देश्य युद्ध की समाप्ति के बाद इस क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना है। हाल के दिनों में फारस की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों ने इस तनाव को और हवा दे दी है।ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में फ्रांसीसी और ब्रिटिश जहाजों की मौजूदगी को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन माना जाएगा। गरीबाबादी के अनुसार, यदि ये देश अमेरिका की किसी भी अवैध कार्रवाई में सहयोग करते हैं, और एक कदम भी बढ़ाते हैं तो ईरानी सशस्त्र बल इसका तत्काल और निर्णायक जवाब देंगे।

**फ्रांस का पक्ष क्या है :**ईरान के कड़े रुख के बीच फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्थिति को स्पष्ट करने का प्रयास किया है। मैक्रों ने कहा कि यह कोई सैन्य तैनाती नहीं है। उन्होंने इसे एक अंतरराष्ट्रीय मिशन बताया, जिसका लक्ष्य हालात अनुकूल होने पर शिपिंग रूट को सुरक्षित करना है। हालांकि, क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता बरकरार है।

**अमेरिकी हस्तक्षेप पर लगी रोक :**फारस की खाड़ी में बढ़ते हमलों के बीच अमेरिका ने भी व्यापारिक जहाजों को गाइड करने का अपना मिशन फिलहाल रोक दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया की तेल आपूर्ति का सबसे संवेदनशील मार्ग है। पश्चिमी देशों की नौसेनाएं आमने-सामने खड़ी नजर आ रही हैं। दक्षिण कोरियाई जहाज पर हमले का खुलासा इस बीच, दक्षिण कोरिया ने पिछले सप्ताह अपने जहाज पर हुए हमले की जांच रिपोर्ट साझा की है।

## ब्रह्मांड की एक और गुत्थी सुलझी: ब्लैक होल की टक्करों से हो रहा पिंडों का जन्म, सितारों की टक्कर से बने जोड़



संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी। ब्रह्मांड के सबसे विशालकाय ब्लैक होल के निर्माण की एक बड़ी गुत्थी को सुलझा लिया गया है। हालिया एक शोध में वैज्ञानिकों का दावा है कि कॉस्मिक जायंट्स यानी विशालकाय खगोल पिंड घने तारा समूहों में होने वाली हिंसक टक्करों के परिणामस्वरूप बन रहे हैं।नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया कि गुरुत्वाकर्षण तरंगों ने इन ब्लैक होल के पिंडों के निर्माण के रहस्य से पर्दा उठाया है। कार्डिफ यूनिवर्सिटी के फैबियो एंटोनिनी के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने एलआईजीओ, केएजीआरए और वर्गो डिटेक्टरों की मदद से दर्ज किए गए 153 ब्लैक होल विलय का विश्लेषण किया। ये तरंगें, जिन्हें पहली बार 1915 में अल्बर्ट आइंस्टीन ने जनरल रिलेटिविटी के सिद्धांत के तहत प्रस्तावित किया था।

अध्ययन का मुख्य उद्देश्य यह समझना था कि क्या भारी ब्लैक होल सीधे बड़े सितारों के ढहने से बनते हैं या छोटे ब्लैक होल के बार-बार आपस में जुड़ने से। अध्ययन में ब्लैक होल्स की दो स्पष्ट श्रेणियां देखी गई इसमें पहली कम द्रव्यमान वाले ब्लैक होल और दूसरी वो जो सुपरनोवा विस्फोट के बाद सितारों के कोर के ढहने से बने थे।

उच्च द्रव्यमान वाले हैं ब्लैक होलः शोधकर्ता : शोधकर्ताओं ने पाया कि भारी ब्लैक होल की स्पिन तेज और विभिन्न दिशाओं में थी। टीम की सदस्य इसाबेल रोमेरो-शॉ के अनुसार, यह तेज और घूमने उल्टी-पुल्टी दिशा बताती है कि ये ब्लैक होल घने तारा समूहों के भीतर बार-बार हुई टक्करों से पैदा हुए हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, सूर्य के द्रव्यमान से 45 गुना बड़े सितारे मरने पर ब्लैक होल बनने के बजाय पूरी तरह से फट जाते हैं, जिससे पीछे कुछ नहीं बचता। इसे वर्जित द्रव्यमान सीमा कहा जाता है। 45 ब्लैक होल पहले से मौजूद ब्लैक होल के आपस में मिलने से बने। वैज्ञानिकों के मुताबिक, 45 सौर द्रव्यमान से बड़े ब्लैक होल का अस्तित्व केवल तभी संभव है जब वे पहले से मौजूद ब्लैक होल के आपस में मिलने से बने हों। यह खोज न केवल ब्लैक होल के बढ़ने की प्रक्रिया को स्पष्ट करती है, बल्कि सितारों और गैलेक्सी के विकास को समझने के नए मार्ग भी खोलती है।

# त्रिनिदाद में बोले जयशंकर: गिरमिटिया को मिलेगा भारत का साथ, दस्तावेजों की कमी के बावजूद ओसीआई में मिलेगी मदद



**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कैरेबियाई देश त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय मूल के लोगों के साथ भारत के गहरे होते संबंधों को रेखांकित किया। जयशंकर ने कहा कि ओवरसीज सिटिजनशिप ऑफ इंडिया (ओसीआई) योजना के प्रति विदेश में रह रहे भारतीय मूल के लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है और भारतीय उच्चायोग को बड़ी संख्या में आवेदन मिल रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिन लोगों के पास जरूरी दस्तावेज नहीं हैं, उनकी मदद के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। जयशंकर ने त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के साथ ऐतिहासिक नेल्सन द्वीप का दौरा किया, जहां कभी गिरमिटिया भारतीय पहली बार पहुंचे थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयशंकर ने 180 वर्ष पहले त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे पहले भारतीय मजदूरों को याद किया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में नया जीवन बसाने वाले भारतीय प्रवासियों की दृढ़ता, संकल्प और साहस को श्रद्धांजलि दी। जयशंकर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भारतीय प्रवासी समुदाय की छठी पीढ़ी तक ओसीआई कार्ड देने की घोषणा ने दोनों देशों के सांस्कृतिक और पारिवारिक रिश्तों को नई मजबूती दी है। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, भारत की सहायता से नेल्सन द्वीप पर शुरू की गई क्विक इम्पैक्ट प्रोजेक्ट साझा विरासत और ऐतिहासिक यात्रा को संरक्षित करने में मदद करेगी। जयशंकर 2 मई से 10 मई तक तीन देशों की यात्रा पर थे। दौरे के अंतिम दिन उन्होंने त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की और दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंधों की सराहना की।गिरमिटिया समुदाय की विरासत संरक्षित करने का लगातार किया जा रहा प्रयासजयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच हुआ अभिलेखीय सहयोग समझौता भारतीय मूल के लोगों को अपनी पैतृक जड़ों की पहचान करने और भारत में अपने परिवारों से दोबारा जुड़ने में मदद करेगा। भारत सरकार गिरमिटिया समुदाय की विरासत को संरक्षित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। विदेश मंत्री ने कहा, ये प्रवासी अपने साथ भारतीय परंपराएं, आस्था और जीवन शैली लेकर आए थे, इसलिए इस इतिहास को विरासत स्थल के रूप में संरक्षित किया जाना महत्वपूर्ण है।

समझौते से भारतीय मूल के लोगों को अपने पूर्वजों और भारत स्थित रिश्तेदारों की जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।भारत की मदद से हुई कई परियोजनाओं की शुरुआत जयशंकर ने अपनी यात्रा के दौरान कृषि प्रसंस्करण केंद्र की शुरुआत की और स्थायी कृत्रिम अंग केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के साथ दक्षिण त्रिनिदाद में भारत की सीड्स पहल से संचालित। प्रोसेसिंग सुविधा का संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। ने कहा कि यह परियोजना लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र को मजबूती देगी और कृषि क्षेत्र को नई गति प्रदान करेगी।

## 700 में 699 नंबर लाकर अनमोल बनीं हिमाचल टॉपर



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आखिरकार 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा ने नतीजों का ऐलान किया। इस बार का रिजल्ट कई मायनों में खास रहा, क्योंकि पास प्रतिशत में बढ़ोतरी दर्ज की गई और मेरिट लिस्ट में लड़कियों का दबदबा एक बार फिर साफ दिखाई दिया। इस साल कुल 83.87% छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं। बोर्ड के मुताबिक 93 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। रिजल्ट आते ही पूरे हिमाचल में खुशी का माहौल बन गया, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा कांगड़ा जिले की छात्रा अनमोल की हो रही है, जिन्होंने लगभग परफेक्ट स्कोर हासिल कर इतिहास रच दिया।

**700 में 699 नंबर लाकर अनमोल बनीं प्रदेश टॉपर :**कांगड़ा जिले के पाहड़ा स्थित ए.वी.एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा अनमोल ने 700 में 699 अंक हासिल किए। उनका प्रतिशत 99.86% रहा, जो इस साल पूरे हिमाचल में सबसे ज्यादा है। जैसे ही रिजल्ट घोषित हुआ, स्कूल में जश्न शुरू हो गया। अनमोल की इस उपलब्धि ने न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे जिले को गर्व महसूस कराया। इतने शानदार नंबरों ने उन्हें पूरे प्रदेश की टॉपर बना दिया।

**दूसरे स्थान पर तीन छात्रों ने मारी बाजी :** इस बार दूसरे स्थान पर एक नहीं बल्कि तीन छात्र रहे। तीनों ने 698 अंक हासिल किए और उनका प्रतिशत 99.71% रहा। इनमें शामिल हैं - अभिषेक मेहता, ऊना, पूर्णिमा शर्मा, बिलासपुर. रूहानी धीमान, ऊना। दिलचस्प बात यह रही कि ऊना जिले के दो छात्रों ने टॉप-2 में जगह बनाई। 75 साल का इंतजार खत्मः अब चिरमिरी के हर वार्ड में पहुंचेगी सरकारी बिजली ।

## 53 करोड़ की परियोजना को मिली मंजूरी

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के चिरमिरी शहर में दशकों पुरानी बिजली समस्या अब खत्म होने जा रही है। आजादी के बाद से एसईसीएल क्षेत्र के आसपास रहने वाले हजारों परिवार अब तक सरकारी बिजली सुविधा से वंचित थे, लेकिन अब मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के तहत शहर के सभी वार्डों तक सरकारी बिजली पहुंचाने की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य शासन ने इस परियोजना के लिए 53.08 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। पुराने बजट की शेष राशि को जोड़कर कुल 53.57 करोड़ रुपये से वर्ष 2026-27 में विद्युत अधोसंरचना विकास कार्य शुरू किया जाएगा। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का नेटवर्क चिरमिरी के सभी वार्डों तक विस्तार किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, लंबे समय से एसईसीएल क्षेत्र के निवासी खदानों की बिजली व्यवस्था पर निर्भर थे। बिजली कटौती और अस्थिर सप्लाई के कारण लोगों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब सरकारी बिजली पहुंचने से हजारों परिवारों को स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिसंबर 2024 में मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर दौरे के दौरान नगर निगम चिरमिरी में सरकारी बिजली आपूर्ति शुरू करने की घोषणा की थी। अब शासन द्वारा बजट मंजूर होने के बाद यह योजना जमीन पर उतरती दिखाई दे रही है। स्वास्थ्य मंत्री और क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने इसे चिरमिरी के लोगों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बिजली परियोजना नहीं बल्कि क्षेत्र के लोगों के वर्षों पुराने अधिकार और सपने को पूरा करने की दिशा में बड़ा फैसला है। इस परियोजना से डोमनहिल, गेल्हापानी, कोरिया कॉलरी और पोड़ी जैसे दूरस्थ इलाकों में भी सरकारी बिजली पहुंचाई जाएगी।

## रणभूमि दर्शन: 13000 फीट की ऊंचाई पर बेटियों का कैफे महिला सशक्तिकरण की मिसाल पर्यटन-आजीविका को एक साथ जोड़ा



**गंगटोक ,एजेंसी।** सीमावर्ती और अत्यंत दुर्गम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण, पर्यटन और आजीविका को एक साथ जोड़ने की दिशा में भारतीय सेना ने एक उल्लेखनीय पहल की है। पूर्वी सिक्किम में करीब 13,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित बाबा हरभजन सिंह मंदिर के निकट स्थानीय बेटियों द्वारा संचालित एक कैफे शुरू किया गया है, जो अब न केवल पर्यटकों की सुविधा बढ़ा रहा है, बल्कि आत्मनिर्भरता की एक नई कहानी भी लिख रहा है। गुवाहाटी में रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टि. कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि यह पहल भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर द्वारा सिविल प्रशासन और स्थानीय समुदाय के सहयोग से शुरू की गई है। इसे 'रणभूमि दर्शन' पहल के तहत विकसित किया गया है, जिसका उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग करना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

**स्थानीय बेटियों को मिला रोजगार :** लेफ्टि. कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि इस परियोजना की सबसे खास बात यह है कि इसका संचालन पूरी तरह स्थानीय बेटियों के एक समूह द्वारा किया जा रहा है। कैफे में काम करने वाली ये महिलाएं अब पर्यटन से सीधे जुड़कर स्थायी आय अर्जित कर रही हैं। इससे पहले इन दुर्गम इलाकों में रोजगार के सीमित अवसर थे, लेकिन इस पहल ने उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का नया रास्ता दिया है।

**स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा :** यह पहल केवल एक कैफे तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। इससे स्थानीय उत्पादों, संस्कृति और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। आसपास के गांवों के लोगों को भी अप्रत्यक्ष रूप से इसका लाभ मिलने लगा है। इस पूरी पहल को महिला सशक्तीकरण की एक प्रेरणादायक मिसाल माना जा रहा है, जहां कठिन मौसम, ऊंचाई और सीमित संसाधनों के बावजूद स्थानीय बेटियां आत्मनिर्भरता और विकास की नई कहानी गढ़ रही हैं।

## लुधियाना में पूर्व सैनिक ने बेटे की हत्या कर खुद भी की आत्महत्या

**चंडीगढ़,एजेंसी।** पंजाब के लुधियाना स्थित न्यू अग्र नगर इलाके में रविवार रात एक पूर्व सैनिक ने घरेलू विवाद के चलते अपने इकलौते बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में खुद जहर निगलकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान सुरिंदर सिंह और उनके बेटे गुरशरण सिंह उर्फ गिन्नी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुरिंदर सिंह की पत्नी का करीब पांच साल पहले निधन हो गया था, जिसके बाद वह दूसरी शादी करना चाहते थे। बेटा गुरशरण सिंह इस फैसले का विरोध कर रहा था। इसी बात को लेकर पिछले तीन सालों से दोनों के बीच लगातार विवाद चल रहा था। रविवार रात भी दोनों के बीच इसी मुद्दे को लेकर कहासुनी हुई, जो अचानक हिंसक रूप ले बैठी।

# रीवा भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान के तहत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

## भाजपा में शामिल हुए सैकड़ों युवा, संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प






**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत रीवा स्थित भाजपा कार्यालय अटल कुंज में सोमवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सेमरिया, गुढ, रीवा और मनगवां विधानसभा क्षेत्रों के सैकड़ों युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की कार्यक्रम में युवाओं ने पार्टी की विचारधारा, राष्ट्रवाद और जनसेवा के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर संगठन को मजबूत बनाने का भरोसा जताया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने सभी युवाओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई इस अवसर पर उन्होंने युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी देशहित, राष्ट्रवाद और जनकल्याण की भावना से कार्य करने वाला संगठन है उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। जिलाध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री , मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री,प्रदेश अध्यक्ष उपमुख्यमंत्री तथा सांसद के नेतृत्व और विचारों से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में युवा भाजपा से जुड़ रहे हैं उन्होंने सभी नए सदस्यों को जनसेवा और संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, मनीषचन्द्र शुक्ला, जिला महामंत्री जीवनलाल साकेत, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवीण त्रिपाठी, जिला मंत्रीमती सुमन शुक्ला तथा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष केशमणि प्रजापति सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सेमरिया विधानसभा क्षेत्र से विकास त्रिपाठी, अनीष त्रिपाठी, अंश सिंह, ओम सिंह, इस्माईल खान, दीपेश त्रिपाठी, ध्रुव द्विवेदी, छोटू तिवारी, प्रिंस शुक्ला, शुभम सेन, सूरज तिवारी, सचिन तिवारी, मनीष तिवारी, रमेश तिवारी, साहिल सिंह चौहान, साहिल खान, विशाल कुमार दुबे, साहिल साकेत एवं पियूष साकेत प्रमुख रूप से शामिल रहे इसी प्रकार गुढ विधानसभा से मयंक पाण्डेय, रीवा विधानसभा से रौनक गुप्ता, अनुराग साकेत, विशाल कुमार दुबे एवं कृष्णा तिवारी तथा मनगवां विधानसभा से शिवेन्द्र शर्मा और सुजीत शर्मा सहित अन्य युवाओं ने भी भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने नए सदस्यों को पार्टी की रीति-नीति से अवगत कराया और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया कार्यक्रम में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था भाजपा नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि युवाओं की भागीदारी से संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की जनहितकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी।

## गांधी चौक चौपाटी में नशीले पदार्थों की प्रतीकात्मक होली जलाकर दिया जाएगा संदेश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** समाज को नशामुक्त बनाने और युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 'ऑपरेशन प्रहार' अभियान के अंतर्गत 12 मई 2026 को विशेष नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा उपसंचालक सामाजिक न्याय धनंजय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि एक जन आंदोलन – नशीले पदार्थों के विरुद्ध थीम पर आधारित यह कार्यक्रम शाम 4:30 बजे गांधी चौक स्थित चौपाटी परिसर में आयोजित होगा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता फैलाना तथा युवाओं को स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान गुटखा, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों की प्रतीकात्मक होली जलाई जाएगी इस प्रतीकात्मक आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है प्रशासन का मानना है कि नशे की रोकथाम के लिए जनसहभागिता और सामूहिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विधायक सीधी रीती पाठक सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे। इस दौरान नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी साथ ही उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा 'ऑपरेशन प्रहार' अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए लगातार विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसके तहत स्कूलों, कॉलेजों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# झूठे आरोप लगाकर शकील खान को बदनाम करने की साजिश का आरोप

### निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सौंपा आवेदन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** वार्ड क्रमांक 33 घोघर निवासी शकील खान पिता गुलफाम खान ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा के समक्ष शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर आरोप लगाया है कि उन्हें झूठे आरोपों में फंसाकर बदनाम करने की साजिश रची जा रही है उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शकील खान ने बताया कि वे पिछले लगभग 15 वर्षों से रीवा शहर में प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कर रहे हैं उनका कहना है कि इस अवधि में किसी भी व्यक्ति का उनके ऊपर एक रुपये का भी बकाया नहीं रहा है। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि अनूप तिवारी नामक व्यक्ति उनके कार्य में सहयोग करता था लेकिन उसने उनकी कम पढ़ाई-लिखाई का फायदा उठाकर कथित रूप से करोड़ों रुपये की हेराफेरी की है जब शकील खान ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोप है कि अनूप तिवारी और उसके साथियों द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। शकील खान ने यह भी आरोप लगाया कि अनूप तिवारी द्वारा चन्द्रप्रभा सिंह, निवासी फोर्ट रोड रीवा के माध्यम से थाना सिटी कोतवाली में उनके विरुद्ध झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है इस रिपोर्ट में भूमि सौदे के नाम पर एक लाख दस हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने अपने पक्ष में यह भी दावा किया कि जब उन्होंने संबंधित महिला से अपने मोबाइल नंबर 9425999586 से संपर्क किया तो महिला ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह न तो शकील खान को जानती है और न ही कभी उनसे मिली है महिला ने यह भी बताया कि न तो कोई रकम दी गई है और न ही किसी प्रकार का अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है शकील खान ने बताया कि इस पूरी बातचीत की रिकॉर्डिंग उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को साक्ष्य के रूप में सौंप दी है।

# हर नागरिक महत्वपूर्ण , ट्रांसजेंडर रोजी मौसी के घर पहुंचकर कलेक्टर ने कराया जनगणना कार्य

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में चल रहे जनगणना अभियान को अधिक समावेशी और जनसरोकारों से जोड़ते हुए जिला जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर विकास मिश्रा ने नगर पालिका क्षेत्र सीधी के वार्ड क्रमांक 12 में ट्रांसजेंडर रोजी मौसी के निवास पर पहुंचकर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया इस दौरान कलेक्टर की उपस्थिति में जनगणना की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारशिला है और इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है उन्होंने कहा कि शासन की



योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सटीक एवं समग्र आंकड़ों का संकलन जरूरी है उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना अभियान में किसी भी वर्ग की उपेक्षा न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहा है कलेक्टर ने प्रगणकों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को पूरी पारदर्शिता, सटीकता और मानवीय दृष्टिकोण के साथ संपन्न किया जाए ताकि जिले का प्रत्येक नागरिक शासन के अभिलेखों में सम्मानपूर्वक दर्ज हो सके उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे सही जानकारी देकर इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर ट्रांसजेंडर रोजी मौसी ने प्रशासन की इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग को समान सम्मान और पहचान मिलना एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है उन्होंने कहा कि कलेक्टर की उपस्थिति में जनगणना संपन्न होना उनके लिए सम्मान और आत्मीयता का अनुभव है जो समाज में समानता की भावना को मजबूत करता है। इस दौरान संबंधित प्रगणक एवं सुपरवाइजर भी उपस्थित रहे प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस जनगणना अभियान के माध्यम से 'सबका साथ सबकी भागीदारी' का संदेश प्रभावी रूप से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जा रहा है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 : वृहद रंगोली कार्यक्रम में बच्चों ने दिया स्वच्छता एवं जनभागीदारी का संदेश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत सीधी शहर के मुख्य मार्गों के किनारे आयोजित वृहद रंगोली कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी का प्रेरणादायी संदेश दिया कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियों ने आम नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया सीमित संसाधनों और कम समय के बावजूद विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कला कौशल और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट परिचय दिया रंगोलियों के माध्यम से स्वच्छ वातावरण, कचरा प्रबंधन, जनसहभागिता एवं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश प्रभावी रूप से जनमानस तक पहुंचाया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों एवं विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसमें अबोध बाल शिक्षा निकेतन हाई स्कूल सीधी की छात्रा सोनाक्षी सिंह, प्रणाली साकेत, प्राची पाण्डेय एवं श्रुति सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं एकलव्य पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल हड़बड़ो की छात्रा दीक्षा चौबे एवं अर्चिता सिंह ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार गांधी हाई स्कूल सीधी की छात्रा अनन्या सिंह, समृद्धि सिंह, प्रकृति जायसवाल, अमृता शुक्ला, स्तुति मिश्रा, सगुन जायसवाल, अनवेसा पाण्डेय, साक्षी सिंह, पीहू तिवारी, पावनी चतुर्वेदी एवं दिव्यांशी जायसवाल तथा छात्र आयुष सिंह, उज्जवल सिंह एवं देवहर्षित सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# रीवा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा एवं आगामी रणनीति को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने की बैठक में ब्लॉक प्रभारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे बैठक को संबोधित करते हुए इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर लोकतंत्र और संविधान पर प्रहार करने का प्रयास कर रही है उन्होंने कहा कि इस परिस्थिति में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना हर कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हर चुनौती का सामना करने को तैयार रहें। संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए शर्मा ने बताया कि जिले में लगभग सभी ब्लॉक, मण्डलम एवं पंचायत स्तर की कमेटियों का गठन पूरा कर लिया गया है जिन स्थानों पर कमेटियों का गठन शेष है, उसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं उन्होंने कहा कि अब अगला चरण इन कमेटियों का सत्यापन है जिसके लिए सभी ब्लॉक प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर सत्यापन कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जिन मण्डलम एवं पंचायत कमेटियों का गठन अधूरा है उन्हें ब्लॉक अध्यक्ष शीघ्र पूर्ण कराएं। साथ ही उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गाधी की मंशा के अनुसार मण्डलम स्तर की कमेटियों को अधिक सशक्त बनाया जा रहा है इसलिए इन स्तरों पर नियमित बैठकें आयोजित की जाएं और क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों को भी इसमें शामिल किया जाए। इंजी. शर्मा ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 25 मई से 25 जून तक जिले में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा इस दौरान प्रदेश स्तर के पदाधिकारी विभिन्न ब्लॉकों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे सभी ब्लॉक अध्यक्षों को इस कार्यक्रम की तैयारी करने तथा मण्डलम, ब्लॉक, पंचायत कमेटियों, बीएलए एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी बताया कि 22 मई को घोघर स्थित कांग्रेस भवन का भूमि पूजन किया जाएगा इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे इसी दिन संगठनात्मक समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी। बैठक के अंत में शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला संगठन महासचिव एडवोकेट रवि तिवारी, शहर संगठन महासचिव सज्जन पटेल, गुढ़ विधानसभा प्रभारी रमेश द्विवेदी, विभिन्न ब्लॉक प्रभारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में 11 मई 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ. के. एस. नेताम के निर्देशन में संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शैक्षणिक स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया कार्यक्रम का शुभारंभ देश के वैज्ञानिकों एवं तकनीकी विशेषज्ञों के योगदान को स्मरण करते हुए किया गया इस अवसर पर भारत की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें पोखरण परमाणु परीक्षण, अंतरिक्ष अनुसंधान, डिजिटल तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं विभिन्न नवाचारों को प्रमुख रूप से शामिल किया गया। इस अवसर पर आयोजित व्याख्यान एवं प्रस्तुति कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई वक्ता के रूप में डॉ. राकेश सिंह चौहान (सहायक प्राध्यापक), डॉ. दिवाकर सिंह (सहायक प्राध्यापक) एवं डॉ. विद्याचरण द्विवेदी (अतिथि विद्वान, भौतिकी) उपस्थित रहे वक्ताओं ने आधुनिक युग में विज्ञान एवं तकनीक की भूमिका, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में नवाचारों के महत्व तथा युवाओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीकी विकास से संबंधित प्रेरणादायक वीडियो एवं प्रस्तुतियाँ भी दिखाई गईं जिन्हें छात्र-छात्राओं ने गंभीरता और रुचि के साथ देखा साथ ही उन्हें नई तकनीकों के सकारात्मक उपयोग, अनुसंधान एवं नवाचार के प्रति प्रेरित किया गया।

**राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की मासिक बैठक सम्पन्न**

# किसानों की समस्याओं पर हुई विस्तृत चर्चा, बिजली व खरीदी केंद्रों की व्यवस्था पर जताई चिंता

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ, ग्राम इकाई उमरी, विकासखंड सिरमौर, जिला रीवा (मध्यप्रदेश) की मासिक बैठक आज देवी माँ मंदिर प्रांगण, उमरी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम इकाई अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने की बैठक में क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य रूप से बढ़ती बिजली दरों, मनमाने बिजली बिलों, अवैध विद्युत कटौती तथा ढीले बिजली तारों के आपस में टकराने से उत्पन्न आग लगने की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई उपस्थित सदस्यों ने कहा कि इन समस्याओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़-पौधों और आवासीय संपत्तियों को लगातार नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही खरीदी केंद्रों पर बारदाने की कमी, किसानों के लिए पानी एवं छाया की पर्याप्त व्यवस्था न होने तथा समर्थन मूल्य से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा की गई किसानों ने मांग की कि खरीदी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं तत्काल सुनिश्चित की जाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में एक महत्वपूर्ण मुद्दा ग्राम उमरी के वार्ड क्रमांक 15 का भी उठाया गया, जहां स्थित बिजली ट्रांसफार्मर पिछले लगभग 18 महीनों से खराब पड़ा है ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है जिससे पूरे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है और आमजन को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि इन समस्याओं को संबंधित प्रशासनिक एवं विद्युत विभाग के समक्ष गंभीरता से उठाया जाएगा और शीघ्र समाधान की मांग की जाएगी। इस अवसर पर भक्त प्रहलाद वर्मा (जिलाध्यक्ष, रीवा), राकेश मिश्रा (किसान अध्यक्ष), मनमोहन त्रिपाठी, आदर्श त्रिपाठी, निलेश मिश्रा (सोनू भाई) एवं पवन त्रिपाठी सहित कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय वयोश्री एवं एडीपी योजना के तहत दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को मिले सहायक उपकरण




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत सीधी जिले में 11 मई से 15 मई 2026 तक दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद हितग्राहियों को आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाना है। भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल के तहत एलिम्को के सहयोग से चयनित हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत सभागार, सीधी में राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडीपी योजना अंतर्गत सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद मुख्यर राजेश मिश्रा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर पात्र हितग्राहियों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, वॉकर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, छड़ी एवं अन्य आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए एडीपी योजना के अंतर्गत 53 हितग्राहियों को 112 सहायक उपकरण प्रदान किए गए जबकि राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत 63 हितग्राहियों को 325 उपकरण वितरित कर लाभान्वित किया गया उपकरण प्राप्त कर हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास झलकता नजर आया। मुख्य अतिथि सांसद राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री 1 के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। सांसद ने कहा कि सहायक उपकरण केवल सुविधा नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों के जीवन में आत्मविश्वास और स्वावलंबन का माध्यम हैं उन्होंने हितग्राहियों से शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ने और समाज में प्रेरणा बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए उपस्थित जनसमूह को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई सभी ने नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में योगदान देने का संकल्प लिया।

# राजनीति के दो बिंब

संपादकीय

यह भारतीय राजनीति का सबसे नाजुक दौर है। विपक्ष के लिए तो अग्नि-परीक्षा का समय है, लिहाजा बंगाल का 'केसरिया जनादेश' क्यों जरूरी था, अब यह समझ में आ रहा है। 'वॉशिंगटन पोस्ट', 'द इकोनॉमिस्ट', 'वॉल स्ट्रीट जनरल' सरीखे अमरीकी मीडिया में विश्लेषण छप रहे हैं कि भारत में प्रधानमंत्री मोदी को जो जनादेश मिले हैं, जितनी संख्या में वोट दिए गए हैं, वे वाकई अद्वितीय हैं। अर्थात किसी अन्य विश्व-नेता को इतने जनादेश हासिल नहीं हैं। इन विश्लेषणों के ये निष्कर्ष भी दिए गए हैं कि भारत 'एकदलीय' लोकतंत्र की ओर बढ़ रहा है। यह निष्कर्ष बिल्कुल गलत है, क्योंकि अब भी कई राज्यों में भाजपा 'नगण्य' है और वहां विपक्ष की सरकारें हैं। बहरहाल बंगाल के शपथ-ग्रहण समारोह के मंच से दो बिंब आंखों में ही बस गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के सबसे बुजुर्ग और पुराने कार्यकर्ता, 98 वर्षीय माखन लाल सरकार के पांव छुए और फिर उन्हें शॉल ओढ़ा कर गले लगा लिया। कितना संस्कारी और प्रेरक संदेश अभिव्यक्त हुआ होगा? माखनलाल 'जनसंघ' के संस्थापक और सर्वप्रथम नेहरू कैबिनेट में उद्योग-वाणिज्य मंत्री रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सहयोगी रहे हैं। उनके 'कश्मीर आंदोलन' के सहभागी रहे हैं और वहां 'तिरंगा' फहराने के कथित अपराध में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। यह बिंब इतिहास और वर्तमान के संगम को साफ करता है। चूंकि बंगाल में पहली बार 'केसरिया सत्ता' हासिल हुई है, लिहाजा ऐतिहासिक क्षण थे, लिहाजा भाजपा के बहुत पुराने चेहरों को भी याद किया गया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर ही दंडवत प्रणाम कर बंगाल की जनता का आभार जताया कि उसकी बदौलत ही 'भगवा सरकार' आज सामने है। यह है भारत के लोकतंत्र की ताकत! ममता बनर्जी भी आत्मचिंतन कर रही होंगी! यह प्रधानमंत्री मोदी की 'विशुद्ध राजनीति' हो सकती है, लेकिन हमने चार दशक से अधिक की पत्रकारिता के दौरान किसी अन्य प्रधानमंत्री को ऐसी मुद्रा में नहीं देखा। आखिर वे भी राजनीति के जरिए ही प्रधानमंत्री बने थे। बहरहाल अब हालात ये हैं कि तृणमूल कांग्रेस के 14-15 सांसद ही गायब बताए जा रहे हैं। वे चुनाव में बिल्कुल निष्क्रिय रहे। यही नहीं, कुछ नवनिर्वाचित विधायकों ने ही 'दीदी' को आंख दिखाना शुरू कर दिया है। सवाल है कि चुनावी पराजय के बाद तृणमूल क्या बिखराव के मुहाने पर है? तृणमूल का बिखराव या टूटन अपनी जगह है, लेकिन विपक्ष का 'इंडी' गठबंधन आज कहां है? तमिलनाडु में द्रमुक की पराजय क्या हुई कि उसके गठबंधन में 'सत्ता की मलाई' चाटने वाले घटक-कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, वीसीके, आईयूएमएल आदि-छलांग लगा कर, पाला बदल कर, 'टीवीके' के समर्थन में चले गए।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार दयनीय स्थिति में

**सनत जैन**

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले ढाई महीनों में तेजी से घटकर लगभग 550 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। यह स्थिति केंद्र सरकार और रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के लिए चिंता का विषय है। विदेशी मुद्रा भंडार देश की आर्थिक मजबूती का महत्वपूर्ण आधार है। इसी के सहारे आयात, अंतर्राष्ट्रीय भुगतान और मुद्रा विनिमय दर को स्थिर रखने में होता है। इसका असर आयात और निर्यात दोनों पर पड़ता है। अमेरिका और ईरान के बीच जब युद्ध चल रहा है, ऐसी स्थिति में वैश्विक बाजार में अस्थिरता, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और डॉलर की मजबूती के कारण भारत पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट भारत की अर्थ व्यवस्था के लिए गंभीर संकट का संकेत है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का 85 फ़ीसद हिस्से का आयात करता है। खाद भी बड़े पैमाने पर भारत को आयात करनी होती है। पेट्रोलियम, खाद और गैस के आयात में भारी मात्रा में डॉलर की जरूरत होती है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। विदेशी मुद्रा पर दबाव बढ़ रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार कमी सरकार और रिजर्व बैंक को वैकल्पिक उपायों पर विचार करने पर मजबूर कर रहे हैं। इसी क्रम में डॉलर बॉन्ड जारी करने की योजना सामने आई है। विदेशों में बसे भारतीयों (एनआरआई) को बांड बेचकर सरकार डॉलर का भंडार बढ़ाना चाहती है। यह योजना सरकार और रिजर्व बैंक के लिए अल्पकालिक राहत देने वाली होगी। एनआरआई निवेशकों से डॉलर प्राप्त कर सरकार विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत करने का प्रयास करेगी। इससे तत्काल डॉलर की उपलब्धता बढ़ सकती है। रुपये पर पड़ रहा दबाव कुछ कम हो सकता है। भारत वित्तीय स्थिति को तत्काल नियंत्रित करने में सफल हो सकता है। लेकिन आगे चलकर अर्थव्यवस्था में दोहरा दबाव भी पड़ सकता है। इस योजना के साथ कई जोखिम भी हैं। सबसे बड़ा खतरा विनिमय दर का है। पिछले कुछ वर्षों में डॉलर, लगातार रुपये के मुकाबले मजबूत हुआ है। भविष्य में रुपये की कमजोरी जारी रहती है, तो सरकार को बॉन्ड का भुगतान मांग के अनुसार करने पर ज्यादा डॉलर भुगतान करना पड़ेगें। इसमें सरकार को केवल ब्याज ही नहीं, बल्कि विनिमय दर मे भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। यह स्थिति भविष्य में वित्तीय दबाव को और बढ़ा सकती है। विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए केवल उधारी आधारित समाधान लंबे समय तक प्रभावी नहीं हो सकते हैं। आवश्यकता इस बात की है, भारत को निर्यात बढ़ाने और आयात पर निर्भरता घटाने, घरेलू उत्पादन को मजबूत करने की दिशा में ज्यादा ध्यान देना होगा। ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार, निर्यात बढ़ाने और वैश्विक निवेश आकर्षित करने की दिशा में दीर्घकालीन ठोस कदम उठाने जरूरी हैं।

सरकार और रिजर्व बैंक को समझना होगा, विदेशी मुद्रा भंडार केवल आंकड़ों का खेल नहीं है। यह देश के आयात-निर्यात भुगतान के संतुलन तथा आर्थिक विश्वसनीयता का प्रतीक है। यदि विदेशी मुद्रा भंडार लगातार घट रहा है तो उसे संभालने के लिए बार-बार बाहरी संसाधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। यह दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता के लिए अच्छा संकेत नहीं है। इसलिए डॉलर बॉन्ड तत्काल मलहम का काम कर सकता है। यह स्थायी समाधान नहीं है। भारत को अपनी आर्थिक नीतियों को बेहतर एवं मजबूत बनाना होगा। विदेशी मुद्रा भंडार आयात-निर्यात भुगतान संतुलन एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था में विदेशी मुद्रा का भंडार होना ही चाहिए। पिछले कुछ महीनों से जिस तरह से देश को अर्थ संकट का सामना कर रहा है, विदेशी मुद्रा भंडार लगातार घट रहा है। विदेशी निवेशक भारत से भाग रहे हैं। निर्यात की तुलना में आयात लगातार बढ़ रहा है। भारत सरकार के ऊपर देसी और विदेशी कर्ज बढ़ता जा रहा है। रुपए के मुकाबले डॉलर की कीमत तेजी से बढ़ रही है। इस दिशा में गंभीरता के साथ सरकार के अर्थ विशेषज्ञों और रिजर्व बैंक को जवाबदेही के साथ जिम्मेदारी का निर्वाह करना होगा, अन्यथा स्थिति कभी भी भयावह हो सकती है।

# बंगाल में मोदी के साष्टांग दंडवत के निहितार्थ

**पीएम नरेंद्र मोदी हर बार कुछ नया करते हैं पहलीबार जब संसद की दहलीज पर शीश नमन किया तो उसकी आवाज़ दूर तक गयी इस बार तो मोदी बंगाल की जीत और शपथ ग्रहण समारोह में उमड़े जन सैलाब को देख इतना आह्लादित हुए कि मंच पर ही साष्टांग दंडवत कर जनता जनार्दन के दिल में गहराई तक हिलोरें चला गए। कुछ भी कहो मोदी के घोर आलोचक भी मोदी के करिश्माई नेता होने से इंकार नहीं कर सकते हैं। आपको बता दें भारतीय राजनीति के इतिहास में साल 2014 एक ऐसे मोड़ के रूप में दर्ज है, जिसने न केवल केंद्र की सत्ता बदली, बल्कि राज्यों के राजनीतिक नक्शे को भी पूरी तरह से नई परिभाषा दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन भौगोलिक क्षेत्रों में अपनी पैठ बनाई है, जहां कभी पार्टी का अस्तित्व नगण्य माना जाता था। हाल ही में पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों ने इस सफर को एक नई ऊंचाई दी है।**

**मनोज कुमार अग्रवाल**



ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के अभेद्य शासन को समाप्त कर भाजपा ने बंगाल की सत्ता हासिल की है। यह केवल एक राज्य की जीत नहीं है, बल्कि उस लंबी यात्रा का शिखर है, जिसमें भाजपा ने पिछले 12 वर्षों में नौ ऐसे राज्यों में अपना पहला मुख्यमंत्री बनाया है, जहां पहले कभी उसका नेतृत्व नहीं रहा था भाजपा के इस स्वर्णिम काल की नींव 2014 में ही पड़ गई थी। हरियाणा, जिसे पारंपरिक रूप से लाल तिकड़ी और क्षेत्रीय क्षत्रपों का गढ़ माना जाता था, वहां भाजपा ने पहली बार अपने दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई।साल 2016 भाजपा के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हुआ, जब पार्टी ने पूर्वोत्तर भारत के प्रवेश द्वार असम में अपनी पहली सरकार बनाई। सर्बानंद सोनोवाल राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री बने। असम की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि इसने पूरे पूर्वोत्तर में भाजपा के लिए रास्ते खोल दिए।असम के बाद अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने एक अलग रणनीति के तहत सत्ता हासिल की। 2016 में बड़े राजनीतिक उलटफेर के बीच पेमा खांडू ने कांग्रेस छोड़ी और अंततः अपने सहयोगियों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। इससे राज्य में भाजपा की पहली स्थिर सरकार बनी। इसी तरह 2017 में मणिपुर में भी भाजपा ने क्षेत्रीय दलों जैसे नेशनल पीपुल्स पार्टी और नगा पीपुल्स फ्रंट के साथ मिलकर सरकार बनाई।बिहार की राजनीति में भाजपा हमेशा से एक प्रमुख खिलाड़ी रही है, लेकिन वह लंबे समय तक नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों में कनिष्ठ सहयोगी की भूमिका में रही। दो दशकों के इंतजार के बाद 2026 में वह क्षण आया जब नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद भाजपा ने अपना पहला मुख्यमंत्री बनाया। पश्चिम बंगाल की जीत भाजपा की अब तक की सबसे कठिन और महत्वपूर्ण जीत मानी जा रही है। 294 सदस्यीय विधानसभा में 207 सीटें जीतकर भाजपा ने उस राज्य में सरकार बनाई है, जो वैचारिक रूप से पार्टी के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण था।


परिवर्तनकारी नेता सुवेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत हो चुकी है। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि उस लंबे राजनीतिक संघर्ष की परिणति है, जिसने बंगाल की जनता के भीतर परिवर्तन, सुशासन और विकास की उम्मीद को मजबूत किया। भारतीय जनता पार्टी के लिए यह क्षण ऐतिहासिक इसलिए भी है, क्योंकि बंगाल को पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री मिला है। आजादी के बाद से यह राज्य कांग्रेस, वाम मोर्चा और तृणमूल कांग्रेस के शासन का साथी रहा, लेकिन अब राज्य की राजनीति में एक नया रंग, नई दिशा और नया विमर्श सामने आया है। भाजपा की जीत को पार्टी सोनार बांग्ला के संकल्प की शुरुआत के रूप में देख रही है। साथ ही सुवेंदु अधिकारी का मुख्यमंत्री पद तक पहुंचना भी अपने आप में बंगाल की राजनीति की असाधारण कहानी है। नगरपालिका के एक पार्षद से शुरू हुआ उनका सफर विधायक, सांसद, मंत्री, विपक्ष के नेता और अब मुख्यमंत्री तक पहुंचा है। यह यात्रा केवल पदों की सीढ़ी चढ़ने की कहानी नहीं, बल्कि जमीन से जुड़े राजनीतिक संघर्ष, संगठन क्षमता और जनाधार का प्रमाण है। पूर्वी मिदनापुर की गलियों से राज्य सत्ता के केंद्र तक पहुंचना उनके राजनीतिक व्यक्तित्व को अलग पहचान देता है। नंदीग्राम आंदोलन ने सुवेंदु अधिकारी को बंगाल की राजनीति में निर्णायक चेहरा बनाया। भूमि अधिग्रहण के खिलाफ हुए उस आंदोलन ने न केवल वाम मोर्चा सरक सरकार की जड़ों को हिलाया, बल्कि बंगाल में सत्ता परिवर्तन की पहली बड़ी पृष्ठभूमि भो तैयार की। सुर्वेदु उस आंदोलन में एक ऐसे संगठक के रूप में उभरे, जो जनता की स्थानीय पीड़ा को राजनीतिक शक्ति में बदलना जानते थे। यही कारण है कि उनका नेतृत्व केवल चुनावी रणनीति का परिणाम नहीं माना जा सकता, बल्कि संघर्ष से निकले नेतृत्व की श्रेणी में रखा जा सकता है। 2021 में नंदीग्राम से ममता बनर्जी को हराकर सुवेंदु अधिकारी ने अपनी राजनीतिक पहचान को और मजबूत किया। उस चुनाव में भाजपा भले सत्ता तक नहीं पहुंच सकी थी, लेकिन नंदीग्राम की जीत ने पार्टी को मनोवैज्ञानिक बढ़त दी। विपक्ष के नेता के रूप में उन्होंने तृणमूल सरकार के खिलाफ लगातार आक्रामक भूमिका निभाई और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच एक दृढ़ नेता की छवि बनाई। यही कारण है कि सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए उनका नाम स्वाभाविक रूप से सबसे आगे माना गया। भाजपा विधायक दल में उनके नाम पर सर्वसम्मति भी यह बताती है कि पार्टी अब बंगाल में नेतृत्व को लेकर स्पष्टता चाहती है। लंबे समय तक भाजपा को बंगाल में बाहरी शक्ति के रूप में प्रचारित किया जाता रहा, लेकिन सुर्वेद अधिकारी जैसे स्थानीय और जमीनी नेता के मुख्यमंत्री बनने से भाजपा ने इस धारणा को चुनौती दी है। वे बंगाल की भाषा, मिट्टी, संघर्ष और सामाजिक मनोविज्ञान को समझने वाले नेता हैं। यही उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी है। मिदनापुर से मुख्यमंत्री बनना भी प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण है। बंगाल की सत्ता लंबे समय तक कोलकाता केंद्रित राजनीतिक अभिजात वर्ग के इर्द-गिर्द घूमती रही। अधिकारी का उभार इस व्यवस्था से बाहर के क्षेत्रीय नेतृत्व की स्वीकृति है। मिदनापुर में जश्न का माहौल केवल राजनीतिक खुशी नहीं, बल्कि क्षेत्रीय आत्मसम्मान की अभिव्यक्ति भी है। लोगों को उम्मीद है कि अब राज्य के उपेक्षित क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा में अधिक महत्व मिलेगा। अब सबसे बड़ी चुनौती भाजपा और सुर्वेद सरकार के सामने चुनावी वादों को प्रशासनिक परिणामों में बदलने की है। डबल इंजन सरकार का नारा जनता को तभी सार्थक लगेगा, जब राज्य और केंद्र के बीच बेहतर तालमेल से रोजगार, उद्योग, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर ठोस बदलाव दिखेगा। बंगाल में राजनीतिक हिंसा लंबे समय से गंभीर चिंता का विषय रही है। नई सरकार के लिए पहली कसौटी यही होगी कि वह भयमुक्त राजनीतिक वातावरण बना सके। सबसे पहली चुनौती कानून-व्यवस्था की है। बंगाल में राजनीतिक हिंसा, दलगत टकराव, सिंडिकेट संस्कृति और चुनावी हिंसा लंबे समय से गंभीर मुद्दे रहे हैं। भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार में इन्हीं मुद्दों को प्रमुखता से उठाया था। अब जनता देखेगी कि नई सरकार अपराध और राजनीतिक संरक्षण के कथित गठजोड़ पर कितनी सख्ती दिखाती है। कानून का राज तभी स्थापित होगा जब कार्रवाई निष्पक्ष हो, चाहे आरोपी किसी भी दल, समूह या प्रभावशाली वर्ग से जुड़ा हो। दूसरी बड़ी चुनौती प्रशासनिक सुधार की है। बंगाल में वर्षों से सरकारी व्यवस्था पर राजनीतिक हस्तक्षेप के आरोप लगते रहे हैं। यदि नई सरकार सचमुच सुशासन का दावा करती है, तो उसे थाने, ब्लॉक कार्यालय, पंचायत व्यवस्था, नगर प्रशासन और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लानी होगी। भाजपा के सामने यह जिम्मेदारी होगी कि वह अपने राजनीतिक विस्तार को सांस्कृतिक संवेदनशीलता के साथ जोड़े। बंगाल में यह क्रांतिकारी परिवर्तन सचमुच सोनार बांग्ला ही नही सोनार भारत की दिशा में मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के राजनीतिक परिदृश्य में एक अत्यंत प्रभावशाली और क्रांतिकारी नेता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने 12 वर्षों से अधिक के अपने कार्यकाल में बुनियादी ढांचे, डिजिटल क्रांति और प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से देश में अभूतपूर्व प्रगति की है। प्रधान सेवक के रूप में, उन्होंने सीमा सुरक्षा, वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर बड़े फैसले लेने और विकसित भारत के निर्माण में अपनी एक अलग पहचान बनाई है वहीं भाजपा को सत्ता के चरम शिखर पर पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। आज समूचे देश में भगवा राजनीति छा चुकी है यह एक नए भविष्य का सूत्रपात करेगी।

# समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

**दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी इस वर्ष हम 206वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को 12 मई को एक विशेष थीम के साथ 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। इस वर्ष यह दिवस 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस विषय का उद्देश्य सुरक्षित वातावरण, उचित वेतन और नेतृत्व के अवसरों के माध्यम से नर्सों को सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि रोगी देखभाल और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार किया जा सके।**

**योगेश कुमार गोयल**

## अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस (12 मई) पर विशेष




'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 206 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रेंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना।

फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटी, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है। उनके सम्मान में ही उनके जन्मदिवस 12 मई को 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाए जाने की शुरूआत की गई।

# मध्यप्रदेश पुलिस की अवैध हथियारों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

## विगत 10 दिनों में 29 अवैध हथियार एवं बड़ी संख्या में कारतूस और धारदार हथियार जब्त





**मीडिया ऑडीटर,भोपाल (निप्र)।** प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अवैध हथियारों के नेटवर्क पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस लगातार सक्रिय है इसी क्रम में विगत 10 दिनों में विभिन्न जिलों की पुलिस टीमों ने अवैध हथियार निर्माण, तस्करी, विक्रय और उपयोग में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की है इस दौरान कुल 29 अवैध हथियार, बड़ी संख्या में जिंदा कारतूस, धारदार हथियार और हथियार निर्माण के उपकरण जब्त किए गए। छतरपुर जिले में बड़ी सफलताछतरपुर जिले की थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियार निर्माण और सप्लाई नेटवर्क का खुलासा करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान दो अवैध हथियार फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ किया गया इन फैक्ट्रियों से एक देशी बंदूक, 7 देशी कट्टे, एक अधबनी पिस्टल, एक अधबना कट्टा, जिंदा कारतूस और खाली खोखे जब्त किए गए। इसके अलावा हथियार निर्माण में प्रयुक्त विभिन्न मशीनें, उपकरण और अन्य संसाधन भी बरामद हुए। पुलिस आरोपियों से अवैध हथियारों के स्रोत और नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

**टीकमगढ़ में विशेष अभियान:** टीकमगढ़ जिले में पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत 17 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की इस दौरान 6 देशी कट्टे, 8 जिंदा कारतूस और 11 धारदार हथियार जब्त किए गए यह कार्रवाई अवैध हथियारों की तस्करी और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से की गई।

**ग्वालियर में कई मामलों में गिरफ्तारी:** ग्वालियर थाना पुरानी छावनी पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 3 देशी कट्टे, 5 जिंदा राउंड और 2 चाकू जब्त किए क्राइम ब्रांच और थाना बहोड़ापुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर कट्टे की वीडियो वायरल करने वाले एक विधि-विरुद्ध बालक को 315 बोर कट्टे सहित अभिरक्षित किया थाना माधौगंज पुलिस ने फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से देशी कट्टा और जिंदा राउंड जब्त किए महाराजपुरा और गोला का मंदिर थाना पुलिस ने भी अलग-अलग कार्रवाई में आरोपियों को देशी कट्टे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया ग्वालियर पुलिस की इन कार्रवाइयों में कुल 7 देशी कट्टे, 10 जिंदा राउंड और 2 चाकू जब्त किए गए।

**अन्य जिलों में कार्रवाई:** मुरैना और गुना में 2-2 अवैध हथियार जब्त किए गए, जबकि शिवपुरी और सतना में 1-1 अवैध हथियार बरामद हुए मध्यप्रदेश पुलिस ने कहा है कि अवैध हथियार रखने निर्माण करने और आपराधिक गतिविधियों में उपयोग करने वालों के विरुद्ध कठोर और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी पुलिस आम नागरिकों से भी अपील कर रही है कि वे अवैध हथियारों और उनके नेटवर्क के बारे में सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# खाद के लिए धूप में घंटों लाइन में किसान बदरवास में टोकन व्यवस्था अव्यवस्थित



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** जिले के बदरवास में खाद वितरण व्यवस्था में अव्यवस्थाएं सामने आ रही हैं किसानों को भीषण गर्मी और तेज धूप में घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है बदरवास के बीआरसी भवन पर खाद लेने पहुंचे किसानों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन द्वारा न तो छांव और न ही पीने के पानी की कोई सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किसानों को खाद लेने के लिए पहले ऑनलाइन टोकन लेना अनिवार्य किया गया है टोकन मिलने के बाद तय तारीख पर उन्हें खाद का भुगतान कर रसीद लेनी पड़ती है जिसके बाद ही खाद मिल पाती है किसानों का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को बड़ी संख्या में किसान खाद लेने बीआरसी भवन पहुंचे जहां उन्हें तेज धूप में लंबी लाइन में खड़ा होना पड़ा किसानों का आरोप है कि ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं दिख रहा है। उनका कहना है कि शुरुआती दौर में ही हालात बिगड़ने लगे हैं जिससे आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है इस मामले में कृषि विभाग बदरवास के एसएडीओ कल्लू कोली ने बताया कि फिलहाल खाद लेने आने वाले किसानों की संख्या बहुत अधिक नहीं है।

# भीषण गर्मी में राहत : हैंडपंप मरम्मत से ग्रामीणों को मिली सुविधा





**मीडिया ऑडीटर,एमसीबी (निप्र)।** भीषण गर्मी और बढ़ते जल संकट के बीच लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। विभाग की टीम ने विकासखंड भरतपुर के ग्राम बड़गांवकला, घाटमा केसौडा, जनौरा एवं ढाबतुमाड़ी में हैंडपंपों की मरम्मत और निरीक्षण का कार्य किया। गर्मी के मौसम में पानी की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए खराब या बंद पड़े हैंडपंपों को प्राथमिकता के आधार पर सुधार कर पुनः चालू किया गया विभाग की तत्परता से ग्रामीणों को समय पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है जिससे उन्हें काफी राहत मिली है। ग्रामीणों ने प्रशासन और विभागीय टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समय पर मरम्मत कार्य होने से पानी की समस्या काफी हद तक दूर हुई है कई ग्रामीणों ने बताया कि पहले हैंडपंप खराब होने के कारण पानी के लिए दूर-दूर जाना पड़ता था लेकिन अब सुधार होने से उन्हें दैनिक जीवन में सुविधा मिली है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का कहना है कि जिलेभर में हैंडपंप सुधार और रखरखाव का कार्य लगातार जारी है। विभाग हर गांव का निरीक्षण करता है और जहां भी खराब हैंडपंप की सूचना मिलती है वहां तत्काल टीम भेजकर समस्या का समाधान किया जाता है इस तरह का निरंतर निगरानी कार्य सुनिश्चित करता है कि भीषण गर्मी के दौरान किसी भी क्षेत्र में जल संकट उत्पन्न न हो। विभाग के अधिकारी ने बताया कि अभी तक कई गांवों में हैंडपंप की मरम्मत कर उन्हें चालू किया गया है और आने वाले दिनों में सभी खराब पंपों की सूची बनाकर मरम्मत कार्य तेज किया जाएगा उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी खराब हैंडपंप या पेयजल समस्या की सूचना तुरंत विभाग को दें ताकि समय पर समाधान किया जा सके। इस पहल से न केवल ग्रामीणों को गर्मी में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, बल्कि इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ग्रामीणों ने कहा कि विभाग का यह कार्य उनके लिए जीवनदायिनी साबित हो रहा है और प्रशासन की तत्परता ने उनका विश्वास और बढ़ाया है लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने आश्वासन दिया है कि गर्मी के मौसम में जल संकट से बचाव के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे और सभी ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

# सागर पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता से जरूरतमंद को मिली राहत

## डायल-112 हीरोज : देर रात दिव्यांग व्यक्ति को सुरक्षित घर पहुंचाया



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (निप्र)।** मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 सेवा एक बार फिर आमजन के लिए मददगार साबित हुई सागर जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र में डायल-112 जवानों ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए देर रात परेशान एक दिव्यांग व्यक्ति को सुरक्षित उसके घर पहुंचाया पुलिस की इस मानवीय पहल से जरूरतमंद व्यक्ति को राहत और सुरक्षा मिल सकी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 9 मई की रात राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना मिली कि थाना कोतवाली क्षेत्र में लगभग 35 वर्षीय एक दिव्यांग व्यक्ति अकेला परेशान हालत में मौजूद है देर रात होने के कारण उसे अपने घर जाने के लिए कोई साधन नहीं मिल पा रहा था सूचना मिलते ही डायल-112 की एफआरव्ही टीम को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर पहुंचकर डायल-112 स्टाफ के जवान प्रदीप गौतम एवं मिर्जा शाहिद बेग ने दिव्यांग व्यक्ति से बातचीत कर उसकी स्थिति की जानकारी ली पूछताछ में पता चला कि वह अकेले यात्रा कर रहा था और रात्रि अधिक होने के कारण उसे घर जाने के लिए कोई वाहन उपलब्ध नहीं हो पा रहा था व्यक्ति ने अपना पता ग्राम अर्जिनी थाना मोतीनगर बताया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डायल-112 जवानों ने तुरंत मानवीय पहल करते हुए एफआरव्ही वाहन से उसे सुरक्षित उसके घर पहुंचाया पुलिस की इस सहायता से दिव्यांग व्यक्ति और उसके परिवार ने राहत महसूस की तथा पुलिसकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाई जा रही 'डायल-112 हीरोज' श्रृंखला के अंतर्गत यह घटना पुलिस की संवेदनशील कार्यशैली का उदाहरण बनकर सामने आई है यह पहल दर्शाती है कि डायल-112 सेवा केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है बल्कि जरूरतमंद, असहाय और दिव्यांग व्यक्तियों की सहायता के लिए भी पूरी प्रतिबद्धता और मानवता के साथ कार्य कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डायल-112 सेवा प्रदेशभर में 24 घंटे सक्रिय है और किसी भी आपात स्थिति में नागरिक तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं विभाग का उद्देश्य आमजन को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना और पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत करना है। सागर जिले की इस घटना ने यह साबित कर दिया कि पुलिस का मानवीय चेहरा समाज में सुरक्षा और भरोसे की भावना को और मजबूत करता है।

# कलेक्टर लेंगी शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा, प्राचार्यों को पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है जिले में कलेक्टर महोदया की अध्यक्षता में 15 मई 2026 को जिला स्तरीय शिक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी इस बैठक में जिले के सभी शासकीय हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों (सेजेस) के प्राचार्य शामिल होंगे जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार बैठक प्रातः 11 बजे से कलेक्टर सभाकक्ष, जिला एमसीबी में आयोजित की जाएगी सभी प्राचार्यों को निर्धारित एजेंडा बिंदुओं की विस्तृत जानकारी और आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में मुख्य रूप से हाल ही में घोषित हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा की जाएगी परीक्षा परिणामों का गहन विश्लेषण करते हुए विद्यालयवार प्रदर्शन, छात्रों की सफलता दर और कमजोर विषयों पर चर्चा की जाएगी प्रशासन का उद्देश्य जिले में शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर बनाना और परीक्षा परिणामों में सुधार लाना है। इसके अलावा आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा होगी स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों की रूपरेखा, विद्यार्थियों के प्रवेश, शिक्षकों की उपलब्धता तथा अधोसंरचना संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक का एक महत्वपूर्ण एजेंडा पूरक एवं अवसर परीक्षा से संबंधित रहेगा। जिला प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि पूरक परीक्षा के लिए पात्र सभी विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत आवेदन सुनिश्चित किया जाए साथ ही ऐसे विद्यार्थियों के लिए विशेष कोचिंग एवं मार्गदर्शन की व्यवस्था करने पर भी जोर दिया जाएगा ताकि वे आगामी परीक्षा में सफल हो सकें शिक्षा विभाग द्वारा ड्रॉप-आउट फ्री जिला बनाने की दिशा में भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं इसी के तहत बैठक में कक्षा 8वीं और 10वीं उत्तीर्ण कर चुके सभी छात्र-छात्राओं का अगली कक्षा में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने पर चर्चा होगी अधिकारियों का मानना है कि विद्यार्थियों को लगातार शिक्षा से जोड़कर रखने से जिले में शिक्षा स्तर में सुधार आएगा। बैठक में स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं की भी समीक्षा की जाएगी। विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था, फर्नीचर, पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता तथा जर्जर भवनों की स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा होगी जिन स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं की कमी है वहां आवश्यक सुधार कार्यों की योजना बनाई जाएगी।

# शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर, निजी संस्थानों में मिलेगा रोजगार

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर लेकर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र 18 मई 2026 को भव्य रोजगार मेला एवं प्लेसमेंट कैम्प आयोजित करने जा रहा है इस रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं में 118 पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी जिला प्रशासन ने युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय मनेंद्रगढ़ में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा रोजगार मेले में जिलेभर से बड़ी संख्या में युवाओं के शामिल होने की संभावना है इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। रोजगार मेले में शिक्षक, लाइब्रेरियन, ऑफिस असिस्टेंट, चपरासी तथा टेक्नीशियन ट्रेनी जैसे विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी अलेख पब्लिक स्कूल, विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल, अलास्का पब्लिक स्कूल एवं डॉ. आरएनएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों द्वारा शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। शिक्षक पद के लिए अभ्यर्थियों के पास ग्रेजुएशन, बी.एड. अथवा शिक्षा में डिप्लोमा होना अनिवार्य है कुछ विशेष पदों के लिए एम.एससी. और एम.एड. की योग्यता भी निर्धारित की गई है लाइब्रेरियन पद हेतु बी.लाइब एवं ग्रेजुएशन आवश्यक होगा वहीं ऑफिस असिस्टेंट पद के लिए 12वीं उत्तीर्ण एवं कंप्यूटर ज्ञान जरूरी रखा गया है चपरासी पद के लिए न्यूनतम 8वीं पास योग्यता निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त शिरामिन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 100 टेक्नीशियन ट्रेनी पदों पर भर्ती की जाएगी इन पदों के लिए 10वीं, 12वीं, आईटीआई अथवा डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं कंपनी द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस को भी अनिवार्य रखा गया है। वेतनमान पदों के अनुसार 5 हजार रुपये से लेकर 20 हजार रुपये प्रतिमाह तक निर्धारित किया गया है रोजगार कार्यालय अधिकारियों ने बताया कि रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क रहेगा तथा किसी भी प्रकार का शुल्क अभ्यर्थियों से नहीं लिया जाएगा रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों का ई-रोजगार पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य किया गया है।

# एमआर-3 रोड पर गैस टंकी में लगी आग पर पुलिस ने तत्काल पाया काबू

## पुलिस जवानों की बहादुरी से सुरक्षित रहे आसपास के रहवासी, स्थानीय नागरिकों ने की सराहना



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (निप्र)।** प्रदेश में आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस लगातार गश्त और पेट्रोलिंग कर रही है इसी क्रम में इंदौर पुलिस की सतर्कता, साहस और त्वरित कार्रवाई का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है जहां पुलिस जवानों की सूझबूझ से एक संभावित बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 मई की अलसुबह थाना लसूड़िया क्षेत्र अंतर्गत एमआर-3 रोड स्थित सनसिटी के पास एक गैस टंकी में आग लगने की सूचना पुलिस को मिली घटना रहवासी क्षेत्र के बीच होने और आसपास गैस लाइन मौजूद रहने के कारण क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया स्थानीय लोगों को आशंका थी कि यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो बड़ा विस्फोट हो सकता है जिससे भारी जनहानि की संभावना थी। सूचना मिलते ही प्रभात गश्त में तैनात एसीपी हीरानगर रूबीना मिजवानी थाना लसूड़िया एवं विजय नगर की एफआरवी टीम तथा बीट महालक्ष्मी नगर के पुलिस जवान तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। मौके की गंभीरता को देखते हुए एसीपी ने तुरंत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया जोखिमपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद पुलिस जवानों ने साहस और तत्परता का परिचय देते हुए गैस टंकी में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास किया पुलिस की त्वरित कार्रवाई और समन्वय के चलते आग पर समय रहते नियंत्रण पा लिया गया जिससे संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया। घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार खाली प्लॉट में एक गुमटी के पास रखी गैस टंकी में आग लगी थी। आग की चपेट में आने से वहां मौजूद भगवान सिंह पिता समर सिंह, उम्र 50 वर्ष, निवासी सरस्वती नगर, इंदौर आंशिक रूप से झुलस गए। पुलिस जवानों ने तत्परता दिखाते हुए घायल व्यक्ति को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज जारी है। इंदौर पुलिस की इस कार्रवाई से आसपास के रहवासियों ने राहत की सांस ली स्थानीय नागरिकों ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों की बहादुरी, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय संवेदनशीलता की खुलकर सराहना की लोगों का कहना था कि यदि पुलिस समय पर नहीं पहुंचती तो बड़ा हादसा हो सकता था मध्यप्रदेश पुलिस ने कहा है कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसी आपात परिस्थितियों में पुलिस हर समय तत्पर रहती है। पुलिस की यह कार्रवाई न केवल उनकी कार्यकुशलता को दर्शाती है बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और सेवा भावना का भी परिचायक है इंदौर पुलिस की इस बहादुरी ने यह साबित कर दिया कि सतर्कता, त्वरित निर्णय और टीमवर्क से किसी भी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सकता है।

# एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में सड़क हादसा गड्ढों से भरी सड़क बनी जानलेवा, एसईसीएल कर्मी की मौत



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा (निप्र)।** एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में प्रबंधन की लापरवाही और बदहाल सड़क व्यवस्था के कारण एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है जिसमें एसईसीएल कर्मी दुखीराम की मौके पर ही मौत हो गई हादसा उस समय हुआ जब वे रोज की तरह मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांकी-मोंगरा निवासी दुखीराम आज दोपहर अपने कार्यस्थल के लिए निकले थे। इसी दौरान खदान क्षेत्र की मुख्य सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वे एक भारी ट्रेलर के पहिए की चपेट में आ गए हादसा इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र की सड़कें लंबे समय से जर्जर स्थिति में हैं और बड़े गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं इसके बावजूद प्रबंधन द्वारा कोई ठोस सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है लोगों ने इस हादसे के लिए सीधे तौर पर एसईसीएल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। क्षेत्रवासियों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश देखा जा रहा है।

# रेलवे ने चलाई समर वेकेशन तीन जोड़ी अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें

## उधना से जयनगर, मधुबनी और झंझारपुर चलेगी; रतलाम में रहेगा स्टॉपेज



**मीडिया ऑडीटर,रतलाम (निप्र)।** यात्रियों की सुविधा एवं समर वेकेशन के दौरान बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे तीन जोड़ अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। यह ट्रेनें रतलाम रेल मंडल के स्टेशनों से होकर गुजरेगी। ट्रेनें उधना-जयनगर, उधना-मधुबनी एवं उधना-झंझारपुर के बीच चलेगी। ट्रेन संख्या 09041 उधना-जयनगर स्?पेशल शनिवार 16 मई, 2026 को 23:30 बजे उधना से चलेगी। रतलाम मंडल के दाहोद (03.54/03.56 रविवार), रतलाम (05.26/05.36 रविवार) होते हुए सोमवार को 13:30 बजे जयनगर पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09042 जयनगर-उधना स्पेशल सोमवार, 11 एवं 18 मई को 15 बजे जयनगर से चलेगी। रतलाम (01.25/01.35 बुधवार), दाहोद (03.05/03.07 बुधवार), होते हुए बुधवार 7.45 बजे उधना पहुंचेगी।

**यहां रहेगा स्टॉपेज:** यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सायन, भरुच, वडोदरा, दाहोद, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी,बयाना, ईदगाह आगरा, टूंडला, कानपुर सेंट्रल,मानक नगर, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल, सीतामढ़ी, शीसो, साकरी, एवं मधुवनी स्टेशनों पर रुकेगी।

**उधना-मधुबनी स्पेशल:** ट्रेन संख्या 09045 उधना-मधुबनी स्पेशल रविवार, 10 व 17 मई को 01.30 बजे उधना से चलेगी।

रतलाम मंडल के दाहोद (05.54/05.56), रतलाम (07.26/07.36) होते हुए अगले दिन 16 बजे मधुबनी पहुंचेगी।

इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09046 मधुबनी-उधना स्पेशल सोमवार, 11 एवं 18 मई को 18 बजे मधुबनी से चलेगी। रतलाम (05.10/05.20 बुधवार), दाहोद (06.50/06.52 बुधवार), होते हुए बुधवार को 11.30 बजे उधना पहुंचेगी।

**यहां दिया स्टॉपेज:** यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सायन, भरुच, वडोदरा, दाहोद, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी,बयाना, ईदगाह आगरा, टूंडला, कानपुर सेंट्रल,मानक नगर, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल, सीतामढ़ी, शीसो एवं साकरी स्टेशन पर स्टॉपेज दिया है।

**उधना-झंझारपुर स्पेशल:** ट्रेन संख्या 09047 उधना-झंझारपुर स्पेशल रविवार 10 व17 मई को 5 बजे उधना से चलेगी। रतलाम मंडल के दाहोद (09.24/09.26), रतलाम (10.56/11.06) होते हुए अगले दिन 19 बजे झंझारपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09048 मधुबनी-झंझारपुर सोमवार 11 एवं 18 मई को 21 बजे झंझारपुर से चलेगी। रतलाम मंडल के रतलाम (06.40/06.50 बुधवार), दाहोद (08.20/08.22 बुधवार) होते हुए बुधवार को 12.55 बजे उधना पहुंचेगी।

**इन स्टेशनों पर रुकेगी:** यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सायन, भरुच, वडोदरा, दाहोद, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी,बयाना, ईदगाह आगरा, टूंडला, कानपुर सेंट्रल,मानक नगर, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल, सीतामढ़ी, शीसो, एवं साकरी स्टेशनों पर रुकेगी।

# दो कांटों से तुलाई, स्टेट हाईवे पर उतरे किसान सिलवानी में दिनों से ट्रॉलियां खड़ी, गर्मी में खुले गेहूं खराब होने का बढ़ा डर



**मीडिया ऑडीटर, रायसेन (निप्र)।** रायसेन जिले के सिलवानी में गेहूं तुलाई में देरी के कारण किसानों ने रविवार को विरोध किया। किसानों ने सिलवानी-उदयपुरा स्टेट हाईवे 44 पर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शन सिलवानी से लगभग 5 किलोमीटर दूर सिलवानी रोड स्थित पटेल वेयरहाउस के सामने हुआ। चक्का जाम के कारण मार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। किसानों ने आरोप लगाया कि चुनेटिया सोसायटी के तहत संचालित पटेल वेयरहाउस पर गेहूं की तुलाई धीमी गति से हो रही है। उनका कहना है कि वे कई दिनों से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में गेहूं भरकर तुलाई के इंतजार में खड़े हैं, लेकिन उनकी उपज का समय पर वजन नहीं किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि वेयरहाउस पर केवल दो कांटों से तुलाई की जा रही है। इसके कारण लंबी कतारें लग रही हैं और किसानों को दिन-रात इंतजार करना पड़ रहा है। किसानों ने भीषण गर्मी और अनिश्चित मौसम के बीच खुले में रखे गेहूं के खराब होने की आशंका भी जताई। किसानों ने प्रशासन से तुलाई व्यवस्था में सुधार करने और अतिरिक्त कांटे लगाने की मांग की।

### कलेक्टर ने अमझेरा और जीराबाद में स्वास्थ्य एवं उपार्जन केंद्रों का किया औचक

**मीडिया ऑडीटर,धार (निप्र)।** कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना ने रविवार को जिले के भ्रमण के दौरान अमझेरा और जीराबाद क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित गेहूँ उपार्जन केंद्र की जमीनी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और सुगमता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर जोर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमझेरा के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने ओपीडी, वार्ड, दवा वितरण केंद्र, मरीजों के उपचार का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से चर्चा कर उन्हें मिल रही सुविधाओं और दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने खंड चिकित्सा अधिकारी (BMO) को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने ग्रीष्म ऋृतु को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य केंद्र में किस प्रकार के मरीजों आ रहे हैं यह जानकारी ली एवं निर्देश दिए कि भीषण गर्मी के मौसम में मरीजों को त्वरित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री मीना ने जीराबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र की कार्यप्रणाली को देखते हुए निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पूरी सुगमता के साथ मिलना सुनिश्चित करें।

# 11 साल की बच्ची से घर में घुसकर बैड टच नर्मदापुरम में 50 साल के पड़ोसी ने गलत हरकत की; चिल्लाने पर भाग निकला



**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम (निप्र)।** नर्मदापुरम जिले के केसला थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। 8 मई की शाम 50 वर्षीय पड़ोसी ने घर में बच्चियों को अकेला पाकर गलत हरकत करने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, घटना 8 मई की शाम करीब 4 बजे की है। बच्ची की मां किसी काम से सुखतवा गई हुई थी। घर में 11 साल की बच्ची और उसकी 5 साल की बहन थीं। इसका फायदा उठाकर मोहल्ले में रहने वाला 50 बुद्धू चाचा उर्फ नर्मदा प्रसाद घर में घुस गया।

**बच्ची ने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया:** आरोपी ने घर में घुसकर 11 साल की बच्ची को बुरी नीयत से पकड़ लिया और बैड टच करने लगा। डरी-सहमी बच्ची ने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आरोपी वहां से भाग निकला।

**मां के लौटने पर बताई आपबीती, FIR दर्ज:** शाम करीब 6 बजे मां के घर लौटने पर डरी-सहमी बच्ची ने आरोपी बुद्धू चाचा की करतूत बताई। इसके बाद मां बच्ची को लेकर केसला थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

**सीपीई में प्राइवेट कर्मचारी है आरोपी:** केसला थाना प्रभारी मदन लाल पवार ने बताया कि आरोपी बुद्धू चाचा सीपीई (केंद्रीय परीक्षण संस्थान) में प्राइवेट कर्मचारी है। आरोपी घटना के बाद से फरार है। पिछले दो दिन से पुलिस टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सागर में ड्राई क्लीनर्स की दुकान में आग सदर में 5 फीट ऊंची उठीं आग की लपटें

**मीडिया ऑडीटर, सागर (निप्र)।** सागर के सदर इलाके में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात एक ड्राई क्लीनर्स की दुकान में भीषण आग लग गई। 8 मुहाल जामा मस्जिद के पास स्थित जनता ड्राई क्लीनर्स में रात करीब 11:30 बजे अचानक धुआं और लपटें उठने लगीं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। इस आगजनी में दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई है।



**शटर खोलने पर उठ रही थीं लपटें:** शनिवार देर रात आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं निकलते देखा, तो तत्काल दुकानदार को इसकी सूचना दी। जब दुकानदार ने मौके पर पहुंचकर शटर खोली, तो अंदर से आग की तेज लपटें उठ रही थीं। स्थानीय रहवासियों ने तुरंत अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश शुरू की और पुलिस व फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी। कुछ ही देर में दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और राहत कार्य शुरू किया।

**फर्नीचर और ग्राहकों के कपड़े जलकर राख:** दुकान के मालिक मुकेश कनौजिया ने बताया, 'आग बहुत भीषण थी। इस आगजनी में दुकान के अंदर रखा सारा फर्नीचर, ग्राहकों के कपड़े और अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया है। गनीमत यह रही कि आग आसपास नहीं फैली, वरना दूसरी दुकानों को भी भारी नुकसान हो सकता था। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का पंचनामा तैयार कर लिया है। पुलिस अब आग लगने के सटीक कारणों की जांच कर रही है।

### सीहोर में भीषण आग, बारिश से बुझी धुएं के कारण जमुनिया-मुंगावली रोड पर लगा जाम

**मीडिया ऑडीटर, सीहोर (निप्र)।** सीहोर जिले के जमुनिया-मुंगावली रोड पर रविवार रात भीषण आग लग गई। सड़क किनारे सूखी घास और लकड़ियों में आग लग गई और देखते ही देखते विकराल हो गई। आग के कारण वाहन रुक गए, लेकिन तभी अचानक हुई बारिश ने आग पर काबू पा लिया। राहगीरों ने बारिश को फायर ब्रिगेड बताया।



**धुएं से दृश्तता कम हुई लंबा जाम लगा:** जमुनिया-मुंगावली रोड पर लगी आग इतनी भीषण थी कि सड़क के दोनों ओर से लपटें उठ रही थीं। आग की गर्मी और धुएं के कारण वाहनों की आवाजाही रुक गई, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। दृश्यता लगभग शून्य हो गई थी, जिससे गाड़ियों का आगे बढ़ना असंभव हो गया।

**बारिश से आग बुझी इसके बाद जाम खुला:** इसी दौरान वहां से गुजर रहे किसान एमएस मेवाड़ा की फोर-व्हीलर भी आग और धुएं के कारण जाम में फंस गई। आग की भयावहता को देखते हुए मेवाड़ा दमकल विभाग को सूचना देने की तैयारी कर रहे थे। इससे पहले कि दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच पातीं उसके पहले बारिश शुरू हो गई। बारिश ने प्राकृतिक फायर ब्रिगेड का काम किया और धधकती आग को पूरी तरह शांत कर दिया। बारिश के पानी से आग बुझते ही सड़क पर लगा जाम खुल गया और वाहनों की आवाजाही सामान्य हो गई। स्थानीय लोगों ने इसे कुदरती सहयोग बताया। समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने कहा कि आग इतनी भीषण थी कि वहां से निकलना मुश्किल था, लेकिन सही समय पर हुई बरसात ने एक बड़ा हादसा टाल दिया।

### पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**मीडिया ऑडीटर, सीहोर (निप्र)।** मरदानपुर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना एवं नीलकंठ ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्रीष्मकालीन पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। मरदानपुर योजना में पेयजल संबंधी समस्या होने पर नागरिक मोबाइल नंबर 7898401752 तथा नीलकंठ योजना में पेयजल संबंधी समस्या होने पर नंबर 6260634008 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही मरदानपुर योजना के लिए ग्राम मरदानपुर और नीलकंठ योजना के लिए ग्राम सोंठिया में हेल्पडेस्क भी बनाई गई है। उल्लेखनीय है कि मरदानपुर योजना से बुधनी एवं भैरूंदा के 161 तथा नीलकंठ ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना से भैरूंदा के 44 गांवों में पेयजल सप्लाई किया जाता है।

### राशन हितग्राही 15 मई से पहले प्राप्त कर लें मई और जून माह की राशन सामग्री

**मीडिया ऑडीटर,सीहोर (निप्र)।** खाद्य विभाग द्वारा राशन हितग्राहियों को मई और जून दोनों महीनों की रशन सामग्री एक मुश्त प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। मई और जून का राशन एक साथ देने की अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ाई गई है, पहले अंतिम तिथि 30 अप्रैल थी।

# पत्नी के इनकार पर पति ने थाने सामने पी डाई शराब जुए की लत से परेशान पत्नी मायके में रह रही थी



**मीडिया ऑडीटर,छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर जिले के चंदला थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने आत्मघाती कदम उठा लिया। पत्नी के ससुराल लौटने से इनकार करने पर युवक ने थाने के सामने जहरीला पदार्थ पी लिया। हालांकि, चंदला थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार, युवक शराब और जुए की लत का आदी बताया जा रहा है। उसकी पत्नी ने आरोप लगाया कि वह अक्सर जुआ खेलकर पैसे हार जाता था और शराब के नशे में घर पहुंचकर मारपीट करता था। लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर महिला पिछले कुछ समय से अपने मायके में रह रही थी। बताया गया कि युवक पत्नी को वापस लाने उसके मायके पहुंचा था, लेकिन महिला ने उसके साथ जाने से साफ इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर युवक ने जहरीला पदार्थ पी लिया और चंदला थाने पहुंच गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला ने तत्काल युवक को अस्पताल भिजवाया, जहां उसका उपचार जारी है। समय रहते इलाज मिलने से उसकी जान बच गई। मामले में युवक के ससुर ने चंदला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 226 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बुरहानपुर में ढाई साल की मादा तेंदुआ का शव मिला सिर-पेट में चोट के निशान, मौत का कारण स्पष्ट नहीं



**मीडिया ऑडीटर, बुरहानपुर (निप्र)।** बुरहानपुर वन मंडल के शाहपुर रेंज के इच्छापुर क्षेत्र स्थित नागोनी में वन विभाग को शनिवार को करीब ढाई साल की एक मादा तेंदुआ का शव मिला। रविवार दोपहर इच्छापुर वन विभाग नाके पर डॉक्टरों की टीम ने उसका पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम में मादा तेंदुआ के सिर और पेट में चोट के निशान पाए गए हैं। डीएफओ विद्याभूषण सिंह ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि शव नागोनी में एक केले के खेत में मिला था।

**वन विभाग की मौजूदगी में हुआ पोस्टमार्टम:** घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में जांच कराई गई और डॉग स्क्वायड की मदद से भी सर्चिंग की गई। वन विभाग की टीम की मौजूदगी में डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम किया। डीएफओ के अनुसार, चोटों के कारण मादा तेंदुआ की मौत हुई है। हालांकि, मौत का सटीक कारण जानने के लिए सैंपल जांच के लिए लेबोरेटरी भेजे जाएंगे। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो पाएगी। पोस्टमार्टम के बाद, मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत तेंदुआ का अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस दौरान बुरहानपुर के प्रभारी एसडीओ विक्रम सुलिया और शाहपुर रेंज का स्टाफ मौजूद था।

# दूध टैंकर में छिपाकर ले जा रहे थे डोडाचूरा मंदसौर पुलिस ने 160 किलो से ज्यादा माल पकड़ा,दो वाहन जब्त



**मीडिया ऑडीटर,मंदसौर (निप्र)।** मंदसौर जिले में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। शनिवार को सुवासरा और अफजलपुर थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 160 किलो से अधिक अवैध डोडाचूरा जब्त कर दो वाहनों को कब्जे में लिया। दोनों मामलों में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूध टैंकर में छिपाकर ले जाया जा रहा था डोडाचूरा: सुवासरा थाना पुलिस ने नई आबादी धानखेड़ा कच्चे रास्ते गणेश मगरा क्षेत्र में दबिश देकर एक पिकअप दूध टैंकर वाहन से भारी मात्रा में अवैध डोडाचूरा बरामद किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ की खेप वाहन में छिपाकर ले जाई जा रही है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी भारतसिंह पिता नारायण सिंह सौंधिया (32) निवासी ग्राम डुंगरखेड़ी थाना शामगढ़ को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से पिकअप दूध टैंकर क्रमांक MP14GC2706 में छिपाकर रखे गए 9 प्लास्टिक कट्टों में भरा कुल 94 किलो 300 ग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 1 लाख 88 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने करीब 12 लाख रुपये कीमत का दूध टैंकर वाहन भी जब्त किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त डोडाचूरा उसके साथी संदीपसिंह पिता सरदारसिंह सौंधिया राजपूत निवासी डुंगरखेड़ी द्वारा भरवाया गया था। मामले में संदीपसिंह फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज:** सुवासरा थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 139/26 के तहत धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

**अफजलपुर पुलिस की नाकाबंदी में पकड़ी गई बोलेरो:** इधर अफजलपुर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बोलेरो वाहन से अवैध डोडाचूरा की बड़ी खेप बरामद की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बोलेरो वाहन क्रमांक MP44CA5999 में डोडाचूरा भरकर बाहरी तस्कर को सप्लाई करने ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को बामुश्किल रोका। वाहन चालक ने अपना नाम विशाल पिता मांगीलाल निवासी निपानिया थाना अफजलपुर बताया।

**बोलेरो से 65 किलो से ज्यादा डोडाचूरा बरामद:** तलाशी लेने पर वाहन में रखे चार कट्टों से कुल 65 किलो 700 ग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। इसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 24 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर करीब 7 लाख रुपये कीमत की बोलेरो भी जब्त कर ली। मामले में थाना अफजलपुर पर अपराध क्रमांक 115/2026 के तहत धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी से खरीदार, सप्लायर और पूरे नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

**तस्करी नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस:** मंदसौर पुलिस द्वारा जिलेभर में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

शनिवार को हुई इन दोनों बड़ी कार्रवाइयों को पुलिस की

# ई-चेक गेट के माध्यम से की जा रही खनिज परिवहन की निगरानी

**मीडिया ऑडीटर,सीहोर (निप्र)।** प्रदेश में खनिजों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा प्रदेश भर में 40 ई-चेक गेट प्रारंभ किये गये हैं। इनका संचालन 16 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। सीहोर जिले की भैरूंदा तहसील के गोपालपुर एवं बुधनी तहसील के गडरियानाला पर ई चेक गेट स्थापित किये गये हैं। ई-चेक गेट के माध्यम से खनिजों जिसमें गिट्टी, मुरम व रेत के परिवहन की निगरानी की जा रही है। इसमें गड़बड़ी होने पर चालानी कार्यवाही भी की जायेगी। जिला खनिज अधिकारी श्री धर्मेंद्र चौहान ने बताया कि यह मानव रहित प्रणाली है जिससे खनिज परिवहन में लगे वाहनों की सतत् निगरानी हो सकेगी। इसके तहत परिवहन में लगे वाहनों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आईडेंटिफिकेशन टैग लगाना अनिवार्य होगा। यह फ्रंट विंडशील्ड पर लगाया जाएगा। ई-चेक गेट से गुजरते ही वाहन की पूरी जानकारी स्वतः ही सिस्टम में दर्ज हो जायेगी। इससे ओव्हरलोडिंग, नंबर प्लेट छिपाने या अन्य प्रकार की गड़बड़ी पर तत्काल कार्यवाही की जा सकेगी। ई-चेक गेट पर वैरिफोकल कैमरा, ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर, आरएफआईडी रीडर जैसे आधुनिक उपकरण लगाये जायेंगे, जो वाहन संख्या, खनिज की मात्रा और वजन का स्वतः मिलान करेंगे। यदि ई-ट्रांजिट पास में दर्ज जानकारी और वास्तविक परिवहन में अंतर पाया गया तो संबंधित वाहन मालिक पर ऑनलाईन ही कार्यवाही की जाएगी। जिले में वर्तमान में दो ई-चेक गेट स्थापित किए गए हैं। आगामी समय में बिलकिसगंज, से आष्टा, श्यामपुर एवं झागरिया में भी स्थापित किए जाएंगे।

**उल्लंघन करने पर पंजीयन होगा निरस्त:** ई-चेक गेट जानकारी के आधार पर नियमों के उल्लंघन पर संबंधित वाहन का पंजीयन निरस्त या निलंबित किया जा सकता है। नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन जब्त करने के निर्देश भी दिये जा सकेंगे। ई-चेक गेट से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर खनिज परिवहन में अनियमितता पाए जाने पर दंडात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

# IPL 2026 : जीत के साथ अंक तालिका में टॉप पर RCB, LSG और MI प्लेऑफ की रेस से बाहर

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** आईपीएल 2026 में रविवार को दो दमदार मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 5 विकेट से हराया, जबकि दूसरे मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को मात दी। एमआई के खिलाफ मिली जीत के साथ ही आरसीबी अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी के अब 11 मुकाबलों में 14 अंक हो गए हैं और टीम का नेट रन रेट +1.103 हो गया है। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को 2 विकेट से हराया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए एमआई ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 166 रन बनाए। एमआई की ओर से तिलक वर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में 57 रनों की दमदार पारी खेली। वहीं, नमन धीर ने 32 गेंदों में 47 रनों का योगदान दिया। हालांकि, आरसीबी ने 167 रनों के लक्ष्य को मैच की आखिरी गेंद पर 8 विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। आरसीबी की जीत के नायक क्रुणाल पांड्या रहे, जिन्होंने 46 गेंदों में 73 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं, गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार ने 23 रन देकर 4 विकेट झटके। आरसीबी की जीत से सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को नुकसान हुआ है और टीम अब



अंक तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गई है। एसआरएच के भी कुल 14 अंक हैं, लेकिन आरसीबी का नेट रन रेट उनसे बेहतर है। गुजरात टाइटंस 14 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर काबिज है। वहीं, पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। आरसीबी के खिलाफ मिली हार के साथ ही मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। एमआई को टूर्नामेंट के 11वें मुकाबले में 8वीं हार का सामना करना पड़ा। वहीं, रविवार के पहले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट से हराया। एलएसजी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 203 रन बनाए। टीम की ओर से जोश इंग्लिस ने 33 गेंदों में 85 रनों की धमाकेदार पारी खेली।

हालांकि, सीएसके ने 204 रनों के लक्ष्य को 19.2 ओवर में 5 विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। उर्विल पटेल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 23 गेंदों में 65 रनों की दमदार पारी खेली। वहीं, कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंदों में 42 रन बनाए।

सीएसके के खिलाफ मिली हार के साथ ही लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए भी प्लेऑफ के दरवाजे बंद हो गए हैं। एलएसजी को 11वें मुकाबले में 8वीं हार का सामना करना पड़ा। वहीं, जीत के साथ सीएसके 12 अंकों के साथ अंक तालिका में पांचवें नंबर पर पहुंच गई है। राजस्थान रॉयल्स को सीएसके की जीत से नुकसान हुआ है और टीम छठे नंबर पर खिसक गई है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) सातवें स्थान पर बनी हुई है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में आठवें नंबर पर काबिज है।



## इटैलियन ओपन राफेल जोडार ने माटेओ अर्नाल्डी को हराकर बनाई चौथे राउंड में जगह

**रोम ,एजेंसी ।** स्पेन के युवा खिलाड़ी राफेल जोडार ने अपने डेब्यू इटैलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से एंट्री करने वाले माटेओ अर्नाल्डी को 6-1, 4-6, 6-3 से हराया। राफेल ने मैच की शुरुआत शानदार अंदाज में की और पहले सेट को 6-1 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे सेट में अर्नाल्डी ने जोरदार वापसी की और सेट को 6-4 से जीता। हालांकि, तीसरे सेट में जोडार ने कमाल का खेल दिखाया और लगातार पांच गेम जीतते हुए मैच को अपने नाम कर लिया। दो घंटे तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करने के साथ ही जोडार ने एटीपी जीत/हार इंडेक्स के अनुसार, साल 2026 में क्ले कोर्ट पर 14-2 का रिकॉर्ड बनाया। इस दौरान उन्होंने माराकेच में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता, जबकि बार्सिलोना में सेमीफाइनल और मैड्रिड में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया।

एटीपी टूर ने जोडार के हवाले से कहा, मैं बहुत खुश हूं। रोम में यहां किसी इटैलियन के साथ खेलना कभी आसान नहीं होता। मैंने अपना टेनिस खेलने की कोशिश की। मैटेओ ने दूसरे और तीसरे सेट में बहुत अच्छा खेला, इसलिए मैंने हर पॉइंट पर मौजूद रहने और मैच के दौरान जो कुछ भी हुआ उसे स्वीकार करने की कोशिश की। इस हफ्ते पहली बार एटीपी टूर पर सीडेड खिलाड़ी के तौर पर मुकाबला कर रहे जोडार का अगला मुकाबला मौजूदा नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल चैंपियन लर्नर टिएन से होगा।

इससे पहले, टिएन ने अलेक्जेंडर बुब्लिक को 4-6, 6-3, 7-5 से हराकर मार्च में इंडियन वेल्स क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने के बाद पहली बार लगातार दो एटीपी टूर जीत हासिल की। 20 वर्षीय टिएन, जो अब 19वें नंबर पर हैं, 2002 में एंडी रोडिक के बाद रोम में चौथे राउंड में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के अमेरिकी खिलाड़ी हैं। दूसरी तरफ, दुनिया के पूर्व नंबर 2 कैस्पर रूड ने चेक गणराज्य के 11वें सीड जिरी लेहेका को ठीक 80 मिनट में 6-3, 6-4 से आसानी से हरा दिया।



## आईपीएल 2026 ~ भुवनेश्वर के पास पर्पल कैप, हेनरिक क्लासेन के सिर की शोभा बढ़ा रही ऑरेंज कैप

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** आईपीएल 2026 धीरे-धीरे अपने अंतिम पड़ाव की तरफ बढ़ रहा है। रविवार को टूर्नामेंट में दो दमदार मुकाबले खेले गए। पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को हराया, तो दूसरे मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को शिकस्त दी। 4 विकेट लेकर आरसीबी को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले भुवनेश्वर कुमार ने पर्पल कैप पर भी कब्जा कर लिया है। भुवनेश्वर ने एमआई के खिलाफ 4 ओवर के स्पेल में सिर्फ 23 रन देकर 4 बड़े विकेट निकाले। इसके साथ ही, उन्होंने मैच के आखिरी ओवर में शानदार छक्का लगाते हुए आरसीबी को रोमांचक जीत दिलाई। आईपीएल 2026 में बेहतरीन लय में दिखाई दिए भुवनेश्वर कुमार इस सीजन अब तक 11 मुकाबलों में 21 विकेट निकाल चुके हैं। उन्होंने अंशुल कंबोज की बादशाहत को खत्म कर दिया है। अंशुल 19 विकेट के साथ इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। वहीं, कगिसो रबाडा 18 विकेट के साथ तीसरे और एलएसजी के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव 16 विकेट लेकर पर्पल कैप की रेस में चौथे पायदान पर काबिज हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज ईशान मलिंगा 16 विकेट चटकाकर पांचवें नंबर पर मौजूद हैं। राशिद खान 15 विकेट के साथ छठे नंबर पर हैं।

ऑरेंज कैप सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन के सिर की शोभा बढ़ा रही है। क्लासेन ने इस सीजन में खेले 11 मुकाबलों में अब तक 157 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 494 रन बनाए हैं। अभिषेक शर्मा 11 मुकाबलों में 475 रन बनाकर दूसरे नंबर पर मौजूद हैं। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल 468 रनों के साथ लिस्ट में तीसरे नंबर पर काबिज हैं।

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल 462 रन बनाकर ऑरेंज कैप की रेस में चौथे नंबर पर हैं, जबकि साई सुदर्शन 440 रनों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। वैभव सूर्यवंशी 11 मुकाबलों में 440 रन बनाकर पांचवें नंबर पर मौजूद हैं।

## बार्सिलोना ने 29वीं बार जीता ला लीगा का खिताब एल क्लासिको में रियल मैड्रिड को 2-0 से हराया

**बार्सिलोना ,एजेंसी ।** एफसी बार्सिलोना ने एल क्लासिको मुकाबले में रियल मैड्रिड को 2-0 से हराते हुए ला लीगा के खिताब को अपने नाम किया। बार्सिलोना ने यह 29वीं बार ला लीगा की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। रियल मैड्रिड इस मुकाबले में अपने तीन अहम खिलाड़ियों के बिना मैदान पर उतरी। टीम के स्टार खिलाड़ी काइलियन एम्बाप्पे हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण यह मुकाबला नहीं खेल सके, तो फेडेरिको वाल्वरडे भी इस मैच का हिस्सा नहीं थे। वहीं, वॉर्मअप के दौरान हुई समस्या के कारण डीन हुइजसेन भी यह मैच खेलने नहीं उतरे। बार्सिलोना के लिए इस मुकाबले में पहले गोल की नींव फेरान टोरेस ने रखी। उन्होंने 9वें मिनट में एंटोनियो रुडिगर से फाउल करवाया, जिसके पूरा फायदा मार्कस रैशफोर्ड ने उठाया। रैशफोर्ड की दनदनाती हुई किक को गोलकीपर थिबॉट कोर्टुआ रोकने में पूरी तरह से नाकाम रहे। टोरेस ने 18वें मिनट में बार्सिलोना की बढ़त दोगुनी कर दी, जब डैनी ओल्मो ने स्ट्राइकर को स्मार्ट बैकहील से शानदार पास दिया।



ब्रेक से पहले रैशफोर्ड के पास तीसरा गोल करने का शानदार मौका था, जब टोरेस ने उन्हें फिर से गोल करने के लिए बेहतरीन पास दिया, लेकिन इस बार कोर्टोइस ने शॉट को वाइड टिप कर दिया और ओल्मो ने मिले कॉर्नर से अपना शॉट वाइड मार दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत में रियल मैड्रिड संघर्ष करती हुई नजर आई, कोर्टोइस ने रैशफोर्ड के खतरनाक क्रॉस को रोका और टोरेस के शॉट का शानदार अंदाज में बचाव किया। जूड बेलिंगहैम का एक गोल ऑफसाइड होने की वजह से रद्द कर दिया गया।

बार्सिलोना के गोलकीपर जोन गार्सिया ने विनीसियस के गोल करने के प्रयास को विफल कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में कोर्टोइस ने राफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के शॉट का बचाव किया। रियल मैड्रिड ने मैच में वापसी करने के काफी प्रयास किए, लेकिन बार्सिलोना के मजबूत डिफेंस ने उन्हें अपने इरादों में सफल नहीं होने दिया। टीम फैंस के साथ 2025/26 ला लीगा और सुपर कप टाइटल का जश्न मनाने के लिए बार्सिलोना की सड़कों पर उतरेगी। चैंपियंस परेड शहर के कई मशहूर हिस्सों से गुजरेगी और बार्सिलोना की सड़कों पर एक बड़ा ब्लाउग्राना सेलिब्रेशन होगा।

## विराट के कारण बदली मेरे जिंदगी : जर्मन व्लॉगर लिजलैज



**बर्लिन ,एजेंसी ।** जर्मनी की व्लॉगर और सोशल मीडिया इंफूएंसर लिजलैज ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली के कारण उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है। विराट ने हाल ही में लिजलैज की एक तस्वीर को लाइक किया था हालांकि, उन्होंने कुछ ही मिनटों में इस तस्वीर को अनलाइक भी कर दिया था पर इतनी देर में ही विराट के इसे लाइक करने की बात फैल गयी थी। इसका स्क्रीनशॉट वायरल सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लिजलैज के नाम की धूम मच गयी। इसी के बाद व्लॉगर लिजलैज का एक वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने विराट के तस्वीर को लाइक करने के बाद अपनी जिंदगी में आए भारी बदलावों के बारे में बताया है। लिजलैज ने कहा कि यह घटना उनके लिए बहुत ही अजीब थी। उन्होंने कहा, जैसे ही विराट ने मेरी तस्वीर लाइक की, मुझे कई लोगों से संदेश मिलने लगे। कई बड़े ब्रांड्स ने मुझे साझेदारी के भी प्रस्ताव देने शुरु कर दिये। मुझे कई वीडियो प्रोजेक्ट्स के प्रस्ताव मिले और कई रियलिटी शो में शामिल होने के लिए भी मुझसे संपर्क किया गया। कई लोगों ने मुझसे अपने साथ काम करने के लिए भी पूछा। इस घटना के बाद, लिजलैज ने कहा यह बहुत अजीब था क्योंकि मैं सुबह उठी और मैंने देखा कि मैं हर जगह खबरों में थी। मुझे तो पता ही नहीं चला कि विराट ने कब मेरी तस्वीर को लाइक किया था, मुझे तो इस घटना के बारे में खबरों के जरिए ही पता चला।

## इस सीजन हमारा प्रदर्शन निराशाजनक रहा

### प्लेऑफ की रेस से बाहर होने पर बोले महेला जयवर्धने

**रायपुर ,एजेंसी ।** आईपीएल 2026 के 54वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मिली हार के साथ ही मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए प्लेऑफ में पहुंचने के सभी दरवाजे बंद हो गए हैं। एमआई के हेड कोच महेला जयवर्धने ने माना कि इस सीजन टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और खिलाड़ी हाथ आए मौकों को भुनाने में नाकाम रहे। जयवर्धने ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा, हां, यह सीजन हमारे लिए निराशाजनक रहा। हमें मौके मिले, लेकिन हम



उनका फायदा नहीं उठा सके। हम गेंद और बल्ले से लगातार अच्छा नहीं कर पाए, और इसका अंतर साफतौर पर नजर आया। हम शायद प्लेऑफ में जाने के लिए दावेदारों के उसी ग्रुप में होने से दो-तीन जीत दूर रह गए। हम अहम मौकों पर जीत दर्ज नहीं कर सके, जिसका ताजा उदाहरण यह मुकाबला (आरसीबी) है। इसी वजह से पूरे सीजन को शॉर्ट में बताना मेरे लिए मुश्किल है। मुझे इस पर थोड़ा सोचना होगा और फिर पता लगाना होगा कि असल में क्या गलत हुआ। आखिरी ओवर में मुंबई इंडियंस को आरसीबी के खिलाफ 15 रनों का बचाव करना था और कप्तान सूर्यकुमार ने गेंद युवा खिलाड़ी राज बावा के हाथों में सौंपी, जो एमआई को जीत दिलाने में नाकाम रहे। इस फैसले पर बात करते हुए जयवर्धने ने कहा, उस समय हमारे सारे गेंदबाजों के ओवर खत्म हो चुके थे, हमारे पास कोई भी अनुभवी गेंदबाज नहीं बचा था। हमारे पास सिर्फ स्पिनर्स का ही विकल्प था।

## ढ्ढक्कु2026: ऋष्टक्चके हेड कोच एंडी फ्लावर पर लगा मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना



**रायपुर ,एजेंसी ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हेड कोच एंडी फ्लावर पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। फ्लावर को रविवार को आरसीबी और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच खेले गए मुकाबले में कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 का दोषी पाया गया है। एंडी फ्लावर ने कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.3 का उल्लंघन किया, जो मैच के दौरान अभद्र भाषा से जुड़ा है। यह घटना आरसीबी की पारी के दौरान 17.2 ओवर में हुई, जब फ्लावर एक फैसले से नाखुश होने के बाद चौथे अंपायर से तीखी बहस करते हुए नजर आए। दरअसल, अल्लाह गजनफर की गेंद पर क्रुणाल ने वाइड लॉन्ग-ऑन की तरफ हवाई शॉट खेला। बाउंड्री लाइन पर फील्डिंग कर रहे नमन धीर ने कैच पकड़ा, लेकिन अपना बैलेंस बिगड़ने की आशंका के चलते उन्होंने गेंद को तिलक वर्मा की तरफ उछाल दिया। हालांकि, तिलक कैच को पूरा नहीं कर सके। पहली नजर में ऐसा लगा कि कैच पकड़ने के प्रयास में नमन का पैर बाउंड्री रोप को छू गया, लेकिन रिप्ले में नमन बाउंड्री लाइन से दूर नजर आए।

## पाकिस्तान-बांग्लादेश से भिड़ने के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली वनडे और मई-जून 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। आईपीएल 2026 में खेल रहे मिचेल मार्श दोनों ही फॉर्मेट में टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क को आराम दिया गया है। वनडे टीम में बिली स्टैनलेक और रिले मेरेडिथ की वापसी हुई है। ओली पीक, लियाम स्कॉट और जोएल डेविस को पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। पीक को सिर्फ पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है, जबकि स्कॉट को बांग्लादेश के खिलाफ सिर्फ वनडे सीरीज के लिए टीम में जगह दी गई है। जोएल डेविस बांग्लादेश के खिलाफ सिर्फ टी20 सीरीज में खेलते नजर

### तीन युवा खिलाड़ियों को मिला मौका



आएंगे। आईपीएल 2026 में खेल रहे ट्रेविस हेड, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस और जेवियर बार्टलेट बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में पीक, स्टैनलेक, मेरेडिथ और मैट शॉर्ट की जगह लेंगे। वनडे फॉर्मेट से संन्यास ले चुके ग्लेन मैक्सवेल को टी20 टीम में शामिल नहीं किया गया है।

पीक, स्कॉट और डेविस को घरेलू प्रदर्शन में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। स्कॉट को 2025/26 में शेफील्ड शील्ड प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था, जबकि डेविस 2025/26 बिग बैश लीग में सबसे अहम खिलाड़ी रहे थे। ओली पीक अंडर 19 वर्ल्ड कप 2026 में ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान रहे थे, जिसके बाद उन्हें ऑस्ट्रेलिया ए टीम में शामिल किया गया था। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, नए खिलाड़ियों को इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने और नेशनल टीम का हिस्सा बनने का मौका मिलना हमेशा रोमांचक होता है। अनुभवी खिलाड़ियों के साथ नए और वापसी कर रहे प्लेयर्स का मिक्स उपमहाद्वीप दौरे पर अहम साबित होगा।

# गेहूं खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था, परिवहन न होने से सड़ रहा अनाज

## बारदानों की कमी से रुकी तौल, किसान परेशान- जिम्मेदारी तय करने की उठी मांग



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के विभिन्न गेहूं खरीदी केंद्रों पर इन दिनों भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही है। शासन के निर्देशानुसार समितियों एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य किया जा रहा है, लेकिन खरीदी के बाद समय पर परिवहन नहीं होने के कारण केंद्रों में हजारों क्विंटल गेहूं खुले में पड़ा हुआ है। लगातार बदलते मौसम और बारिश की संभावना ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। खुले आसमान के नीचे रखा गेहूं खराब होने की कगार पर पहुंच गया है, जिससे किसानों और केंद्र संचालकों दोनों में नाराजगी दिखाई दे रही है। आज विभिन्न खरीदी केंद्रों में किए गए सर्वे और किसानों से चर्चा के दौरान कई गंभीर समस्याएं सामने आईं। किसानों ने बताया कि खरीदा गया गेहूं कई दिनों से उठाव का इंतजार कर रहा है। परिवहन व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होने से अनाज केंद्रों पर ही जमा हो गया है। कई स्थानों पर पर्याप्त तिरपाल और सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था नहीं होने से बारिश और नमी के कारण गेहूं भीगने लगा है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते उठाव नहीं हुआ तो बड़ी मात्रा में अनाज खराब हो सकता है।

किसानों ने प्रशासन और संबंधित विभागों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सवाल उठाया है कि यदि मौसम खराब होने से गेहूं खराब होता है, तो इसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी होगी। किसानों का कहना है कि परिवहन एजेंसियां समय पर वाहन उपलब्ध नहीं करा पा रही हैं, वहीं फूड विभाग भी इस समस्या के समाधान के लिए गंभीर नजर नहीं आ रहा। किसानों ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने। इसी बीच कई खरीदी केंद्रों पर बारदानों की भारी कमी भी सामने आई है। पर्याप्त बारदाने उपलब्ध न होने के कारण गेहूं की तौल और पैकिंग का कार्य प्रभावित हो रहा है। किसान अपनी उपज लेकर कई-कई दिनों से केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं। दूरदराज गांवों से आने वाले किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा तो कर दी जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं पूरी तरह कमजोर दिखाई देती हैं। स्थानीय ग्रामीणों और किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खरीदी केंद्रों का तत्काल निरीक्षण कराया जाए। साथ ही पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराए जाएं और खरीदे गए गेहूं के परिवहन की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो बड़ी मात्रा में गेहूं खराब होने से शासन को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि किसानों की मेहनत और फसल दोनों की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है। ऐसे में संबंधित विभागों को जल्द कार्रवाई कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करनी चाहिए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और खरीदी व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके।

## कार की डिग्गी से 21 किलो सूखा गांजा बरामद: 2 तस्कर गिरफ्तार, 2.12 लाख का गांजा समेत कार जब्त



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** जिले की कोतवाली पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में उत्तर प्रदेश के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 2.12 लाख रुपए का गांजा और तस्करी में प्रयुक्त कार जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को रविवार शाम सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़ से मैहर के रास्ते गांजे की एक बड़ी खेप उत्तर प्रदेश ले जाई जा रही है। इस सूचना पर सरलानगर से भदनपुर मार्ग पर कनवेयर बेल्ट के पास नाकाबंदी की गई। चेकिंग के दौरान, यूपी 32 डीई 0654 नंबर की एक कार को रोका गया।

**कार की डिग्गी से 21 किलो गांजा बरामद:** कार की तलाशी लेने पर उसकी पिछली सीट और डिग्गी से अलग-अलग बोरियों में 21 किलोग्राम से अधिक सूखा गांजा बरामद हुआ बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 2 लाख 12 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने कार में सवार अनिल द्विवेदी (37) पिता राजेश द्विवेदी निवासी रामपुर थाना सरधुआ, और विष्णुकांत पांडेय (21) पिता भुवननाथ पांडेय निवासी पांडेय टोला-मछरिहा, थाना कर्वी-कोतवाली, जिला चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया

**दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज:** दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की गई लगभग 2 लाख रुपए की कार को भी जब्त कर लिया है। पुलिस अब इन आरोपियों से पूछताछ कर मादक पदार्थ तस्करी में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने की रणनीति बना रही है।

## नशीले सिरप तस्करी का आरोपी 8 माह बाद गिरफ्तार, कार में मिली थी 1110 शीशी सिरप की खेप

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले की कोठी थाना पुलिस ने नशीले सिरप की तस्करी के एक मामले में आठ माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है।

थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने बताया कि यह मामला 7 सितंबर 2025 का है। सोनौर चौराहे के पास एक कार (क्रमांक एमएच 01 वाईए 0371) दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली, तो उसमें से 1110 शीशी नशीला सिरप बरामद हुआ।

दुर्घटना के बाद कार में सवार सभी लोग मौके से फरार हो गए थे। इसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस और ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

आठ माह की तलाश के बाद, मुखबिरों और साइबर सेल की मदद से पुलिस ने एक आरोपी सतीश त्रिपाठी (पुत्र बृजेश कुमार, 30 वर्ष, निवासी डोमहाई, थाना सभापुर) को रविवार को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी सतीश त्रिपाठी ने मेडिकल नशे की तस्करी और बिक्री के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं। गिरफ्तारी के बाद सतीश को जेल भेज दिया गया है, जबकि उसके फरार साथी की तलाश जारी है।

### 20 मई को मैहर में सभी मेडिकल दुकानें बंद रहेंगी

## दवा व्यापारी बोले- बड़ी कंपनियां भारी डिस्काउंट देकर बाजार बिगाड़ रही






**मीडिया ऑडीटर, मैहर। (निप्र)।** सोमवार को दवा दुकानदारों की मीटिंग हुई जिसमें ऑनलाइन दवा बेचने वाली कंपनियों के खिलाफ जमकर गुस्सा फूटा दुकानदारों ने फैसला लिया है कि वे अपनी मांगों को लेकर 20 मई को देशभर में होने वाली हड़ताल में शामिल होंगे और अपनी दुकानें बंद रखेंगे मां शारदा यात्री निवास में हुई इस मीटिंग में जिलेभर के दवा व्यापारी जुटे सतना जिला संघ के अध्यक्ष पंडित दीनदयाल तिवारी और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि बड़े-बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई-फार्मेसी बिना किसी जांच-परख के दवाएं बेच रहे हैं इससे न सिर्फ लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है बल्कि नियम-कायदों की भी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं 20 मई को रात भर बंद रहेंगे मेडिकल स्टोर दवा व्यापारियों का कहना है कि बड़ी कंपनियां भारी डिस्काउंट देकर बाजार बिगाड़ रही हैं जिससे छोटे दुकानदारों का धंधा चौपट हो रहा है इसके विरोध में फैसला लिया गया है कि 19 मई की रात 12 बजे से लेकर 20 मई की पूरी रात तक जिले के सभी मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे यानी पूरे 24 घंटे तक दवाओं की बिक्री नहीं होगी सिविल अस्पताल के सामने प्रदर्शन की तैयारी सिर्फ दुकानें बंद करना ही नहीं बल्कि 20 मई को सुबह 11 बजे सभी दवा व्यापारी सिविल अस्पताल के सामने जुटेंगे और अपनी आवाज बुलंद करेंगे इस बैठक का संचालन नीरज गर्ग ने किया और सभी व्यापारियों से एकजुट होकर इस बंद को सफल बनाने की अपील की गई मीटिंग के आखिर में राम भगत त्रिपाठी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## उपार्जन केंद्रों में किसानों से खुली लूट, मैहर की नादन समिति पर गंभीर आरोप

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** जिले के उपार्जन केंद्रों में किसानों के साथ हो रही अवैध वसूली का मामला गंभीरता से सामने आया है। ताजा घटनाक्रम मैहर की नादन समिति से जुड़ा है, जहां समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने पहुंचे किसानों से प्रति क्विंटल 15 रुपए तक की बेजा वसूली की शिकायतें मिली हैं किसानों का आरोप है कि तौल हम्माली और अन्य व्यवस्थाओं के नाम पर उनसे जबरन पैसे लिए जा रहे हैं। हालांकि शासन स्तर पर ऐसी किसी भी वसूली का प्रावधान नहीं है। किसानों का कहना है कि यदि उन्होंने भुगतान नहीं किया तो उनकी उपज की तौल में देरी की जाती है और प्रक्रिया को रोका जाता हैजिससे उन्हें मजबूरी में भुगतान करना पड़ता है इस अवैध वसूली से किसान काफी नाराज हैं। उनका कहना है कि सरकार एक ओर किसानों को राहत देने और समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर उपार्जन केंद्रों में खुलेआम उनकी जेब काटी जा रही है। किसानों ने प्रशासन से तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है किसानों का कहना है कि यदि इस प्रकार की अवैध वसूली पर रोक नहीं लगी तो इसका सीधा असर उनकी आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यह प्रक्रिया लंबे समय तक जारी रही तो किसान विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हो सकते हैं।

## जीतू पटवारी बोले- पर्ची से चल रही मध्य प्रदेश सरकार: कहा मोदी की लगाम ट्रंप के हाथों, एपस्टीन का पूरा सच आना बाकी



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सोमवार को सतना पहुंचे यहां उन्होंने प्रदेश और राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरा सतना सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल चुनाव लोकतंत्र और जिले में कुपोषण की स्थिति और हालिया प्रधानमंत्री मोदी की सोना नहीं खरीदने की अपील पर तीखी प्रतिक्रिया दी पत्रकारों से चर्चा करते हुए जीतू पटवारी ने पश्चिम बंगाल चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए उन्होंने कहा कि वहां लोकतंत्र की हत्या हुई है। चुनाव को लूटा गया है। चुनाव के बीच में अधिकारियों के तबादले किए गए और करीब 70 लाख लोगों का मतदान होल्ड कर दिया गया उनका कहना था कि इस प्रकार की घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हैं और आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छा संदेश नहीं देतीं उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से नहीं कराए गए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सतना जिले में कुपोषण की गंभीर स्थिति पर भी चिंता जताई उन्होंने कहा कि जिले में सबसे ज्यादा कुपोषण देखने को मिल रहा है लेकिन सरकार केवल दावे कर रही है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि मात्र 40 रुपए में किसी बच्चे को पोषित करना कैसे संभव हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुपोषण दूर करने के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया जा रहा है और योजनाओं का लाभ जरूरतमंद बच्चों तक सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य और पोषण जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं लगातार कमजोर होती जा रही हैं उन्होंने सरकार से कुपोषण की वास्तविक स्थिति पर गंभीरता से काम करने और पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की मांग की प्रधानमंत्री द्वारा रविवार को देशवासियों से पेट्रोल डीजल का कम इस्तेमाल और सोना नहीं खरीदने की अपील पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को ऐसा विश्वगुरु बनाना चाहते है जिसमें विदेश मत जाओ सोना नहीं खरीदो उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहरा रहा हूं कि देश के सबसे कमजोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं प्रदेश की पर्ची वाली सरकार मोदी और शाह चला रहे हैं और भारत का शासन ट्रंप चला रहे हैं पीसीसी चीफ ने कहा कि एपस्टीन फाइल का अभी आधा सच भी बाहर नहीं आया है 33 हजार फाइल अभी खुलना बाकी है जिस दिन पूरा सच सामने आएगा तो पता चलेगा कि मोदी की लगाम ट्रंप के हाथों में है।

## सूने घर से चोरी के 2 आरोपी गिरफ्तार, बाइक समेत 2 लाख का सामान बरामद

### चुराए हुए सोने- चांदी के जेवर बेच खरीदी मोटरसाइकिल



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले की सभापुर थाना पुलिस ने एक सूने घर में हुई चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से नकदी, जेवरात और एक बाइक सहित लगभग 2 लाख रुपये का सामान जब्त किया है। थाना प्रभारी (टीआई) शंखधर द्विवेदी ने बताया कि यह वारदात 12 मार्च की रात को पिपरी टोला निवासी मुनुआ प्रजापति (54) के घर में हुई थी। अज्ञात चोरों ने उनके घर से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली थी।

**मुखबिर की सूचना पर पकड़ाए चोर:** पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। दो महीने की पड़ताल के बाद मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने पिपरी टोला निवासी ललित प्रजापति (21) पुत्र राजाराम को हिरासत में लिया। पूछताछ में ललित ने चोरी का जुर्म कबूल कर लिया।


**चोरी के पैसों से खरीदी थी मोटरसाइकिल:** ारोपी ललित ने बताया कि उसने चोरी के गहने रीवा जिले के सेमरिया निवासी प्रिंस उर्फ राघवेंद्र (25) पुत्र धरमदास को बेचे थे। चोरी के पैसों से ललित ने 1 लाख 60 हजार रुपये की एक मोटरसाइकिल खरीदी थी।

**40 हजार के जेवर बरामद:** पुलिस ने मोटरसाइकिल जब्त कर ली और सेमरिया से आरोपी राघवेंद्र को गिरफ्तार कर उसके पास से 40 हजार रुपये के जेवरात भी बरामद किए। दोनों आरोपियों को रविवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, इस वारदात में कुछ अन्य बदमाशों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी तलाश जारी है।

### नायब तहसीलदार पर कलेक्टर ने लगाया जुर्माना

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** मैहर में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों का समय पर निराकरण न करने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। मैहर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने रविवार को अमरपाटन तहसील के वृत्त ताला में पदस्थ नायब तहसीलदार अनिल सिंह पर 2250 रुपये का अर्थदंड लगाया है। यह कार्रवाई लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण न होने के कारण की गई है। जानकारी के अनुसार, नायब तहसीलदार अनिल सिंह ने अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त कुल 9 आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण नहीं किया था। इन सभी प्रकरणों को समय-सीमा से बाहर पाया गया।

## श्री संतधाम में भक्ति अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन, 17 मई से 15 जून तक चलेगा आध्यात्मिक प्रवाह






**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सिन्धी कॉलोनी, पावन पुरुषोत्तम मास के अवसर पर श्री संतधाम में 17 मई रविवार से 15 जून सोमवार तक भक्ति अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा यह 30 दिवसीय धार्मिक श्रृंखला श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच आयोजित होगी। आयोजन की गरिमा और सुचारू संचालन के लिए 10 मई को आश्रम में स्वामी ईश्वरदास उदासीन जी के सानिध्य में सेवादार और समाजसेवकों की बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई आयोजन के पहले दिन, 17 मई को प्रात: 5:00 बजे प्रभात फेरी से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। तत्पश्चात, 8:00 बजे महंत स्वामी खिम्यादास जी की उपस्थिति में अतिथि, सर्व ब्राह्मण समाज एवं पूज्य भैरव भगवान संत समाज की भागीदारी में कार्यक्रम औपचारिक रूप से शुरू होगा। प्रात: कालीन सत्र प्रत्येक दिन सुबह 8:00 बजे श्री रामचरितमानस एवं श्री गुरु श्रीचंद्र सिद्धांत सागर का अखंड पाठ होगा। इसके बाद 10:00 बजे श्री शिव रुद्राभिषेक, 10:30 बजे अन्नक्षेत्र एवं यज्ञ-हवन का आयोजन किया जाएगा सायंकालीन सत्र सांय 6:00 बजे से महाआरती महापुराण कथा, सत्संग सुधा, भक्त चरित्र लीला मंचन और नाम संकीर्तन का कार्यक्रम 9:30 बजे तक चलेगा। कथा पाठों की श्रृंखला इस प्रकार है 17-23 मई: बाल्मिक रामायण 24-30 मई श्रीमद् भागवत महापुराण 31 मई-6 जून श्री शिव महापुराण 7-11 जून श्री दुर्गा सप्तशती 12-15 जून श्री विष्णु महापुराण विशेष भंडारे एवं सामाजिक आयोजन 31 मई ब्राह्मण एवं संत भोज 6 जून कन्याभोज 13 जून दरिद्र नारायण भोज 14 जून दीनबंधु सेवा समिति भोज 15 जून आम भंडारा मुख्य आकर्षण 17-19 मई सत्संग सुधा - महंत स्वामी तुलसीदास जी उदासीन भोपाल 20-23 मई श्री हनुमंत कथा - कथाव्यास श्री अशोक वाजपेई, दिल्ली 24-30 मई श्रीमद् भागवत कथा - कथाव्यास श्री संजीव कुमार ठाकुर, वृंदावन 31 मई-1 जून श्री राधा माधव संकीर्तन - ब्रज रस रसिक प्रस्तुति 2-5 जून श्री शिव कथा - कथाव्यास श्री अंकुश जी महाराज, औरैया 6-12 जून:श्री कृष्ण रासलीला - बाल कृष्ण लीला संस्थान वृंदावन 13-15 जून श्री गुरु वचनामृत - महंत स्वामी ईश्वरदास जी उदासीन आयोजन में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को रात में पलव एवं बधाइयां भी प्रेषित की जाएंगी यह भव्य महोत्सव स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक अनुभव का महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।

## जिला अस्पताल के दो ऑक्सीजन प्लांट बंद,तीन साल से नहीं हुई सर्विसिंग, बजट की कमी से नहीं हो पा रहा रखरखाव




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिला अस्पताल में लगे दो पीएसए ऑक्सीजन प्लांट बंद हो गए हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, पिछले करीब तीन साल से इन प्लांटों की नियमित सर्विसिंग नहीं हुई थी जिसके चलते इन्हें बंद करना पड़ा। फिलहाल अस्पताल में 6000 किलोलीटर क्षमता का लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) प्लांट चालू है जिससे वार्डों में ऑक्सीजन की सप्लाई की जा रही है।

**बजट नहीं मिलने से अटका रखरखाव:** अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि प्लांटों की सर्विसिंग को लेकर लगातार चेतावनी मिल रही थी लेकिन बजट के अभाव में काम नहीं हो सका। इसके लिए भोपाल स्थित वरिष्ठ कार्यालय को कई बार पत्र भेजे गए। मार्च 2026 के अंत में बजट मिला था लेकिन अप्रैल में वह लैप्स हो गया। अब दोबारा बजट जारी करने का आश्वासन दिया गया है।

**कोरोना काल में लगाए गए थे प्लांट:** दोनों पीएसए ऑक्सीजन प्लांट सितंबर 2021 में कोरोना संक्रमण काल के दौरान लगाए गए थे इनकी क्षमता एक-एक हजार लीटर प्रति मिनट ऑक्सीजन बनाने की थी एलएंडटी कंपनी ने इन प्लांटों को स्थापित किया था। वारंटी अवधि के दौरान नियमित सर्विसिंग और मरम्मत होती रही, लेकिन वारंटी खत्म होने के बाद रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया गया छह महीने में जरूरी होती है सर्विसिंग विशेषज्ञों के अनुसार पीएसए प्लांटों की हर छह महीने में रूटीन सर्विसिंग जरूरी होती है ताकि ऑक्सीजन की शुद्धता बनी रहे और मशीनें सही तरीके से काम करती रहें। सूत्रों के मुताबिक इन प्लांटों की आखिरी सर्विसिंग मार्च 2023 से पहले हुई थी सर्विसिंग पर करीब साढ़े छह लाख रुपये खर्च आने का अनुमान है। अस्पताल प्रबंधन के पास कुछ राशि उपलब्ध है, लेकिन करीब चार लाख रुपये की अतिरिक्त जरूरत बताई जा रही है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683 प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।